हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



परिणीति चोपड़ा की पहली वेब सीरीज का ऐलान जल्द नेटफ्लिक्स...



www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025, वर्ष- 08, अंक- 12, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

# प्रयागराज महाकुंभ समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा भावपूर्ण ब्लॉग

## ये एकता का महाकुंभ था, अगर हमसे कमी रह गई है तो मां गंगा व जनता हमें माफ करे



**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रयागराज में बुधवार को अंतिम स्नान के बाद महाकुंभ का समापन हो गया। महाकुंभ समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ब्लॉग लिखा और उसे अपनी वेबसाइट पर साझा किया है। इस विशाल आयोजन को लेकर पीएम मोदी ने लिखा कि ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में आकर जुड़ गई थी।

पीएम मोदी ने सीएम योगी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया है। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हो गया है जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वह प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन रोज, मैंने देखा कैसे देश के कोने-कोने से लाखों लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी के तट पर त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पहले से सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वह तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित और समर्पित भी है। इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वह भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। महाकुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ में स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं ज्यादा संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए अंदाजा लगाया था लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया और डुबकी लगाई।

## पहले उत्तर भारत अब पूर्वोत्तर में डोली धरती, असम में 5 की तीव्रता वाला आया भूकंप



**एजेंसी, गोवाहाटी** । उत्तर भारत में आए भूकंप का डर लोगों के मन से निकला नहीं था, और पूर्वोत्तर में धरती हिल गई। असम के असम के मोरीगांव इलाके में गुरुवार की सुबह 2.25 बजे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। तेज झटकों से धरती कांप उठी। कंपन इतना तेज था कि लोग मारे डर के घरों में बाहर निकलकर भागे। भूकंप के इन झटकों के कुछ घंटे बीतने के बाद भी स्थानीय लोग दहशत में हैं।रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई है। गुरूवार तड़के असम में आए भूकंप में राहत की बात यह है कि अभी तक किसी भी तरह के जान और माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। बता दें कि 5 तीव्रता वाले भूकंप को मॉडरेट ही माना जाता है। इतनी तीव्रता वाले भूकंप में घर के अंदर की चीजें हिलने लगती हैं, खड़खड़ाहट की आवाज होती है और मामूली नुकसान होने की संभावना होती है, लेकिन यह ज्यादा खतरनाक नहीं होता है। इस साल के पहले माह से ही राजधानी दिल्ली से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के झटके लगे हैं। राजधानी दिल्ली में बीते 17 फरवरी को भयानक भूकंप ने दस्तक दी।

## स्पेसएक्स मून मिशन की सफल लॉन्चिंग



### 8 दिन में चांद पर पहुंचेगा; दो महीने में दूसरा मिशन; पहला लैंडर 22 फरवरी को पलट गया था

**एजेंसी, वाशिंगटन** : अमेरिका की प्राइवेट स्पेस कंपनी स्पेसएक्स का दूसरा मून मिशन एथेना आईएम-2 गुरूवार सुबह भारतीय समयानुसार सुबह 5:45 पर लॉन्च किया गया। इसे अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। पिछले दो महीने में स्पेसएक्स की तरफ से चंद्रमा पर भेजा जाने वाला यह दूसरा लैंडर है। 15 जनवरी 2025 को पहला मून लैंडर ओडिसियम आईएम-2 अंतरिक्ष में भेजा गया था। 22 फरवरी को इसने चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की मगर थोड़ी देर बाद यह पलट गया। पहले लैंडर के फेल होने के बाद स्पेसएक्स ने पांच दिन बाद दूसरा मून मिशन लॉन्च किया।

## दुखी मन से बोले ट्रंप- पढ़ते यहां हैं और भारत जाकर बन जाते हैं अरबपति



**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि लोग दूसरे देशों से अमेरिका में आकर पढ़ते हैं और अपने-अपने देशों में जाकर अरबपति बन जाते हैं। नए गोल्ड कार्ड पर बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इमिग्रेशन पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। इस दौरान उन्होंने खासतौर से भारत के छात्रों का जिक्र किया है, जो अमेरिका में शिक्षा हासिल करते हैं।

नए गोल्ड कार्ड पर बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इमिग्रेशन पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। इस दौरान उन्होंने खासतौर से भारत के छात्रों का जिक्र किया है, जो अमेरिका में शिक्षा हासिल करते हैं। उन्होंने कहा है कि लोग दूसरे देशों से अमेरिका में आकर पढ़ते हैं और अपने-अपने देशों में जाकर अरबपति बन जाते हैं। ट्रंप ने 50 लाख डॉलर में गोल्ड कार्ड देने की योजना शुरू की है, जिसके तहत अमेरिका की नागरिकता हासिल करने का रास्ता आसान हो जाएगा।

## नानाजी देशमुख जैसे व्यक्तित्व युगों तक अपना असर छोड़ते हैं : अमित शाह



**एजेंसी, भोपाल**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर सतना जिले के चित्रकूट पहुंचे। वे यहां राष्ट्रऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर दीन दयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी अगुवानी की। कार्यक्रम में कथावाचक मोरारी बापू समेत कई नेता और मंत्री मौजूद हैं। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मोरारी बापू ने नवीन राम दर्शन और पंडित दीन दयाल की प्रतिमा का रिमोट दबाकर अनावरण किया। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नानाजी जैसे महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देना कितना उचित है, मालूम नहीं। कुछ लोगों के जीवन ऐसे होते हैं, वो युगों तक अपना असर छोड़ते हैं और युग को परिवर्तनकारी बनाने का काम करते हैं। नानाजी उनमें से एक हैं। शाह ने कहा कि राजनीति में अजातशत्रु जीवन जीकर दुनिया छोड़कर जाना बड़ी बात है। मैंने किसी को नानाजी के बारे में कभी गलत बात करते नहीं सुना। चाहे वो पक्ष का हो चाहे विपक्ष को हो। उन्होंने कहा कि राजनीति में रहते हुए सर्व स्वीकृति लाना भी कठिन है। इतने लंबे जीवन में नानाजी का विरोध करने का साहस किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में जनता कई नेताओं को राजनीति छुड़वाती है। नानाजी ने 60 की उम्र में जब जनता पार्टी अधिकार में थी तब निर्णय किया कि 60 के हो गए बाकी का जीवन एकात्मवाद को जमीन पर उतारने का काम करेंगे।

## संभल जामा मस्जिद मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, तीन सदस्यीय कमेटी होगी गठित



**एजेंसी, इलाहाबाद** । उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि मस्जिद की रंगाई-पुताई तीन सदस्यीय कमेटी की देखरेख में कराई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया, जो मस्जिद की रंगाई-पुताई से जुड़े सभी कार्यों की निगरानी करेगी। कोर्ट का यह आदेश सुनिश्चित करेगा कि कोई विवाद या असहमति न हो और कार्य निष्पक्ष रूप से पूरा किया जाए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन जल्द ही तीन सदस्यीय कमेटी के सदस्यों के नाम घोषित करेगा। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि सभी कार्य सही तरीके से और नियमों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

**क्या है मामला** : संभल की जामा मस्जिद को लेकर हाल ही में विवाद सामने आया था, जिसके बाद यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा। याचिकाकर्ताओं ने मस्जिद की रंगाई-पुताई और अन्य मरम्मत कार्यों को लेकर उचित प्रक्रिया अपनाने की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संतुलित फैसला सुनाया और कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

## कांग्रेस ने नहीं लिया विधानसभा कार्यवाही में भाग, बाहर देते रहे धरना

**एजेंसी, जयपुर**। कांग्रेस विधायक ने गुरुवार भी विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर के बाहर सड़क पर धरने पर बैठे हैं। इनकी गैर मौजूदगी में ही विधानसभा में प्रश्न काल की कार्यवाही चली। विधानसभा के बाहर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जो गतिरोध सत्ता पक्ष बनाना चाहता है। वह बन रहा है। हमारी तरफ से पूरा प्रयास करने के बाद भी सत्ता पक्ष बातचीत को तैयार नहीं है। उन्होंने कल इस मामले पर सीएम से बात की थी। इससे एक दिन पहले वह संसदीय मंत्री से बात कर चुके हैं। आज तक सरकार की तरफ से गतिरोध तोड़ने को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए।

## भारत में मेरी कोई जमीन नहीं, बिना वेतन के किया काम : सैम पित्रोदा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भाजपा के 150 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन हड़पने के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में उनके पास कोई जमीन, घर या शेयर नहीं हैं और उन्होंने राजीव गांधी व मनमोहन सिंह के साथ बिना वेतन के काम किया। भाजपा नेता एनआर रमेश ने आरोप लगाया है कि सैम पित्रोदा ने बेंगलुरु में 12.35 एकड़ सरकारी जमीन अवैध रूप से कब्जा कर ली। इस संबंध में उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर्नाटक लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में में कहा है की 1996 में कर्नाटक वन विभाग ने औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए जराकबांडे कवल क्षेत्र में 12.35 एकड़ जमीन 5 साल के लिए पट्टे पर दी थी। 2001 में इस पट्टे को 10 साल के लिए बढ़ा दिया गया और 2011 में समाप्त हो गया। आरोप है कि 2011 के बाद भी इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा बना रहा और वन विभाग ने इसे वापस लेने की कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा नेता रमेश ने ईडी से मामले में हस्तक्षेप करने और कथित जमीन हड़पने में शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत में उनके नाम कोई संपत्ति नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मैंने 1980 के दशक में राजीव गांधी और 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह के साथ बिना वेतन के काम किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी रिश्वत न दी है और न ही ली है।

## मैं जन्मजात से कांग्रेसी हूं, कांग्रेस दफ्तर मेरा मंदिर है, बीजेपी में जाने की खबरें बकवास

### कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सियासी अफवाहों पर लगाया ब्रेक



**एजेंसी, बेंगलुरु**

कांग्रेस का दफ्तर मेरा मंदिर है। मैं जन्मजात से कांग्रेसी हूं...मेरी व्यक्तिगत मान्यताएं नहीं बदली हैं। मैं हिंदू ही पैदा हुआ और हिंदू ही मरूंगा। यह कहना है कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु दिल्ली से लेकर बेंगलुरु तक चल रहे सियासी अफवाहों पर ब्रेक लगाने की कोशिश की। ये अफवाहें जैसे कि डीके शिवकुमार कर्नाटक का सीएम बनने के लिए आलाकमान पर दबाव डाल रहे हैं, बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं आदि। इस दौरान शिवकुमार ने महाकुंभ को लेकर कहा कि सद्गुरु जग्गी वासुदेव के आश्रम की यात्रा और हिंदुत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वे जन्मजात कांग्रेसी हैं और बीजेपी के करीब होने की खबरें बकवास और बेबुनियाद है।

उन्होंने कहा कि मैं एक कांग्रेसी के रूप में पैदा हुआ हूं मेरी व्यक्तिगत मान्यताएं वही हैं, लेकिन एक गलत कहानी फैलाई जा रही है कि मैं बीजेपी के करीब जा रहा हूं। शिवकुमार ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल से अनुरोध किया है कि वे उन्हें केपीसीसी अध्यक्ष पद पर बने रहने दें। उन्होंने कहा कि यह झूठ है, ये मनगढ़ंत खबरें हैं। ऐसी कई कहानियां गढ़ी जा रही हैं। धार्मिक हस्तियों के साथ अपने जुड़ाव को लेकर उठे विवाद का जिक्र करते हुए डीके ने कहा कि सद्गुरु मेरे घर आए और मुझे ईशा फाउंडेशन के कार्यक्रम में आमंत्रित किया। वह मैसूर से हैं और मैं उनकी बुद्धिमत्ता का सम्मान करता हूं। पिछले साल मेरी बेटी उनके कार्यक्रम में शामिल हुई थी। इस बार उन्होंने मुझे और मेरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। इस वजह से सोशल मीडिया पर झूठे दावे किए जा रहे हैं कि मेरा झुकाव बीजेपी की ओर है। महाकुंभ मेले और ईशा फाउंडेशन को शिवकुमार ने कहा कि मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ था और हिंदू के रूप में ही मरूंगा। मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। मैं दरगाह और चर्च भी जाता हूं। हर समुदाय मुझे गले लगाता है। महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय था।

## महाकुम्भ में लगे स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार का बोनस, मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं



**एजेंसी, महाकुम्भनगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरवार को प्रयागराज महाकुम्भ में काम करने वाले स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाणपत्र प्रदान किया और उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल से प्रदेश सरकार कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपये प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी व स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं का स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच है। आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेल्फेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज महाकुम्भ के शुभारंभ के लिए यहां आए थे। उससे पहले भी और उस दौरान भी उन्होंने बहुत सारा मार्गदर्शन दिया। भारत सरकार के सभी अधिकारी, सभी मंत्रालय इस आयोजन को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्राण प्रण से जुटे थे। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज शहर स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा है।

# भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस




» अति पिछड़ा समाज के हक और अधिकार के लिए गांधी मैदान में जुटेंगे लाखों विश्वकर्मा वंशज

» शक्ति प्रदर्शन कर चट्टानी एकता को दिखाएंगे : मुकुल आनंद

**पटना।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा रुकनपुरा स्थित प्रधान कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दिवाकर शर्मा ने की। विश्वकर्मा एकता महारैली के सफल आयोजन को लेकर हुए इस बैठक में महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी एवं सभी जिला कमिटी शामिल हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद कहा कि बिहार के विश्वकर्मा समाज एवं अति पिछड़ा समाज के छोटी बड़ी सभी संगठनों का पूरा का पूरा समर्थन मिल रहा है। सभी संगठनों के द्वारा अप्रैल माह में पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में महारैली करने का समर्थन मिला। इतना ही नहीं बिहार लेनिन जगदेव कुशवाहा के पुत्र नागमणि सिंह एवं चंद्रशेखर रावण जैसे नेताओं का भी समर्थन मिल रहा है। साथ ही समाज से भी अपील किया कि इस बार नहीं तो कभी नहीं। विश्वकर्मा समाज किसी भी परिस्थिति में अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की ओर अपने कदम को बढ़ाए और संकल्पित होकर गांधी मैदान को लाखों की संख्या से भरकर अपना शक्ति प्रदर्शन कर चट्टानी एकता को दिखाने में किसी भी प्रकार की कोर कसर नहीं छोड़ना है। वही पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने कहा विश्वकर्मा जी की जय अपनी हिस्सेदारी तय के फार्मूले पर विश्वकर्मा समाज की इस रैली के प्रति उत्सुकता काफी है। समाज के लोगों में जुनून जज्बा है। सभी संगठनों का समर्थन भी मिल रहा है। इस मौके पर भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या भूषण शर्मा, मुन्ना शर्मा, प्रो रत्नेश शर्मा, बढ़ई विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष सुधीर शर्मा, मनोज शर्मा, शंभू शर्मा, नीरज शर्मा, जुगनू शर्मा, सोनू शर्मा, चंदन शर्मा, रवीश कुमार मौजूद थे।

# बिहार विधान परिषद के उपसभागार में 2 मार्च को होगा छत्रपति शिवाजी महाराज का 395वां जयंती सह सम्मान समारोह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025, रविवार को बिहार विधान परिषद के उपसभागार, पटना में किया जाएगा। इसकी जानकारी आज होटल मौर्या में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुधीर पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि यह समारोह पिछले कई वर्षों से धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पटना के कंकड़बाग टेंपो स्टैंड में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई थी और अब पूरे बिहार में उनके नाम पर चौराहों पर प्रतिमाएँ लगाने का अभियान शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज के उत्थान और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, जज, बिजनेसमैन, बिल्डर और समाजसेवी शामिल होंगे। डॉ। सुधीर पटेल ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना और जाति की सीमाओं से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। समिति ने समाज के विकास को ध्यान में रखते हुए कई योजनाओं पर कार्य करने की घोषणा की है। इसके अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाएँ स्थापित करना – बिहार के सभी 38 जिलों में उनकी प्रतिमा लगाई जाएगी ताकि लोग उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रत्येक जिला मुख्यालय में किराए पर छात्रावास उपलब्ध कराया जाएगा, जहाँ समाज के होनहार और गरीब विद्यार्थियों को निशुल्क आवास और भोजन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि गरीब विद्यार्थियों को किताबें, कॉपी, स्टेशनरी, साइकिल और कपड़े मुफ्त में दिए जाएंगे ताकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें और समाज में आगे बढ़ें। समाज के गरीब लोगों के लिए फ्री मेडिकल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। समाज के लोगों को एक समान टाइटल लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि समाज में एकता बनी रहे। डॉ। सुधीर पटेल ने कहा, "समाज को एकजुट करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। हमें एक-दूसरे की मदद करने की भावना रखनी चाहिए। हर जिले के मुख्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और जरूरतमंदों की सहायता के लिए कई योजनाएँ चलाई जाएंगी।" इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में छत्रपति शिवाजी महाराज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ। सुधीर पटेल, केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर अमर कुमार, उमेश कुमार, प्रशांत कुमार, जितेंद्र कुमार और डॉ। बी। बी। भारती उपस्थित रहे। यह समारोह छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों को समाज में फैलाने और गरीबों की मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हम पार्टी की रैली से पहले दो विभाग छीनकर दिया तगड़ा झटका:- राजेश निराला

**पटना।** हम गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश निराला ने हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मांझी के पास से दो विभाग छीन जाने पर कहा कि यह काम तो नीतीश कुमार जी को और पहले कर लेना चाहिए था । 28 फरवरी को होने वाली हम पार्टी की दलित समागम रैली जिसे हम लगातार दलित ठगावन रैली कहते आ रहें हैं उसके पहले दो मंत्रालय छीन लिया गया जो हम पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका है। गांधी मैदान में होने वाली रैली से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से दो विभाग का छिना जाना नीतीश कुमार से दूरियों का साफ संकेत है । या हम पार्टी के आने वाले समय के लिए अच्छे संकेत नहीं । हम पार्टी के लिए 2025 में होने वाली विधानसभा चुनाव में टिकटों को लेकर अनदेखी होना तय है । राजेश निराला ने कहा कि नीतीश सरकार में मंत्री होने के बावजूद विभाग में उनके कोई कार्य नहीं हो रहे थे और काम के प्रति उदासीन थे। नीतीश कुमार काम करने वाले लोगों को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं यही कारण है कि उनके दो विभाग छीन लिए गए। हम गुट जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य कर रहा है 2025 विधानसभा चुनाव में हम पार्टी से कई गुना ज्यादा हम गुट के विधायक विधानसभा में भेजने का काम हम करेंगे ।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक संपन्न

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक संपन्न । मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में हुई बैठक। कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर लगी मुहर। आज कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा के दौरान दक्षिण बिहार के जिलों में की गई घोषणाओं से संबंधित कुल 120 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। दक्षिण बिहार के घोषणाओं से संबंधित 123 योजनाओं की विभाग स्तर से पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है। इन योजनाओं की कुल राशि 30 हजार करोड़ रूपये है। इसके पूर्व उत्तर बिहार की कुल 187 योजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रूपये की स्वीकृति पिछली कैबिनेट की बैठक में दी जा चुकी है। इस प्रकार मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल 50 हजार करोड़ रूपये की स्वीकृति कैबिनेट द्वारा प्रदान कर दी गई है।

### मंत्री संतोष सुमन ने गांधी मैदान में दलित समागम की तैयारियों का जायजा लिया



**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा हम सेक्यूलर, के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने आज गांधी मैदान पहुंचकर दलित समागम के रैली स्थल का व्यापक मुआईना किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिले से दलित,वंचित अनुसूचित जातियों के लाख से भी अधिक लोग शामिल होंगे। रैली में आनेवाले लोगों के आने जाने,ठहरने और खाने की व्यवस्था के संबंध में पार्टी कार्यकतार्ओं को निर्देश दिया गया। मंत्री संतोष सुमन ने स्वयं सब्जी भी तला और खाने पीने की व्यवस्था पर निर्देश भी दिया। इस मौके पर मंत्री के साथ प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, वीरेंद्र सिंह,रामजी सिंह,रत्नेश पटेल,स्मित सिंह,भीम सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण,अविनाश कुमार,गिरधारी सिंह,रविंद्र शास्त्री,गीता पासवान,अनिल रजक,आकाश कुमार,कुमार शुभम,श्रवण कुमार,सूर्या सिंह,साकेत यादव,साधु यादव, आदि लोग उपस्थित थे। मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि दलित समागम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हम संरक्षक जीतन राम माँझी ,डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा सहित एनडीए के प्रमुख नेताओं के शिरकत करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं,समर्थकों के पटना आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। दलितों का उत्साह यह बता रहा हैं कि इसमें लाखों की संख्या में लोग आएँगे.इस रैली के माध्यम से दलितों को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक उत्थान होगा। वंचित अनुसूचित जाति मोर्चा के समर्थन से भी समर्थकों की संख्या बढ़ेगी।

### नए बिहार के शिल्पकार हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमारः शीला

**पटना।** गुरुवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी एवं जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी सह पूर्व मंत्री रंजू गीता मौजूद रही। इस दौरान शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नए बिहार के शिल्पकार हैं। हमारे नेता ने समाज के हर वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। इसके साथ ही शोषितों और वंचितों को शिक्षा से जोड़ने हेतु कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं का हमारे नेता के प्रति अपार श्रद्धा का भाव है।

# रोटेरियन नम्रता नाथ, गवर्नर ने राजकिशोर सिंह को बिहार राज्य का सहायक गवर्नर नियुक्त किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार -झारखंड ( जिला - 3250 ) रोटरी बर्ष - 2025-26 ) की गवर्नर रोटेरियन नम्रता नाथ ने रोटरी क्लब कंकडबाग पटना के अध्यक्ष, राजकिशोर सिंह को उनके बेहतर, मूल्यसंबर्धक सहयोग एवं सराहनीय कार्य के लिए बिहार राज्य का सहायक गगवर्नर, मेम्बरशिप ( बर्ष-2025 -26 ) के लिए नियुक्त किया। उन्हें बिहार राज्य के सभी जिलों में व्यापक सदस्यता अभियान चलाने, नवीनतम सदस्यों की नियुक्ति और पुराने सदस्यों को बरकरार रखने के लिए प्राधिकृत किया गया। सनद रहे कि रोटेरियन राजकिशोर सिंह ने रोटरी क्लब कंकडबाग पटना के लिए लगातार जनसेवा काम यथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर, प्लास्टिक युक्त बस्तुओ के बिरूद्ध जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं बृक्षारोपण अभियान, कडाके की ठण्ड में निर्धनों बीच कम्बल वितरण का कार्यक्रम, निर्धन बच्चों के बीच पुस्तक वितरण कार्यक्रम, दिव्यांग बच्चों के लिए नि; शुल्क भोजन की व्यवस्था आदि कार्यक्रम कराया गया। श्री राजकिशोर सिंह को बिहार राज्य का सहायक गवर्नर ( मेम्बरशिप )बनाये जाने पर हर्ष प्रकट करते हुए रोटेरियन, डॉ राकेश प्रसाद, डॉ सुजीत कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, नितेश मिश्रा, बलिराम जी, निरंजन कुमार आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए राजकिशोर सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही इसके लिए रोटेरियन गवर्नर नम्रता नाथ को भी हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे बिहार में रोटरी क्लब का प्रचम लहरायेगा और संगठन को मजबूती भी मिलेगा।

# स्वामी सहजानंद के मुख्य धारा से ज़ुड़े किसान :भीम सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** स्थानीय बिहार इंडस्ट्रियल एसोसिएशन हॉल में स्वामी सहजानंद सरस्वती जयंती समारोह भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रविंद्र रंजन के नेतृत्व में मनाया गया, जिसका दीप प्रज्वलन राज सभा के सांसद भीम सिंह ने किया।साथ ही मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल विशिष्ट अतिथि पूर्व विधान परिषद आजाद गांधी और वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी सन्त ने अपना विचार भी व्यक्त किया। अतिथियों के हाथों विभिन्न क्षेत्र के लोगों को सम्मानित अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर किया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार सुमन, समाज सेवा में चंद्रकला सिन्हा,मगही लोकगीत गायक अरुण कुमार गौतम, संगीत निर्देशन में विनोद पंडित, भोजपुरी लोकगीत गायन में रवि रंजन यदि और भी कई लोग सम्मानित हुए। समारोह के अंत में बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के मंत्री मंत्री हरि प्रसाद सनी भी उपस्थित होकर किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किया।

# पटना में धूमधाम से निकली संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती शोभायात्रा, बसपा नेताओं ने किया श्रद्धा-सुमन अर्पित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 11 बजे महाराजा कामेश्वर कॉम्प्लेक्स, बुद्धा पार्क के सामने, फ्रेजर रोड से गाजे-बाजे और हाथी - घोड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के उपरांत दोपहर 3 बजे रवींद्र भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना में भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय प्रदेश प्रभारी ई। रामजी गौतम रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथियों के रूप में एन पी अहिरवार (केंद्रीय प्रदेश प्रभारी), सुरेश राव (केंद्रीय प्रदेश प्रभारी), अनिल कुमार (प्रदेश प्रभारी) और शंकर महतो (प्रदेश अध्यक्ष) शामिल हुए। इस अवसर पर बसपा के राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय प्रदेश प्रभारी ई। रामजी गौतम ने उन्हें याद करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर उत्साह बड़ी अंगडाई है और एक संदेशा है कि आने वाले समय में बसपा बहुत ताकत के साथ उभर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी आने वाले चुनाव की तैयारी जोर शोर से कर रही है। उन्होंने कहा कि हम किसी की आस्था और कुंभ का विरोध नहीं करते। लेकिन हमारा मानना है कि शिक्षा का भी कुंभ होना चाहिए। देश शिक्षा और तकनीक दे दम पर आगे बढ़ेगा। जब हमारी सरकार आएगी तो शिक्षा का भी महाकुंभ करेंगे। बसपा प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती समारोह में समस्त बिहार से बहुजन समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान हमने संकल्प लिया कि हम सभी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षा और उनके बताए मार्ग पर चलेंगे। उनके सपनों का भारत बनायेंगे। वे ज्ञानवान लोगों को सम्मान योग्य समझते थे। हम सभी बहुजन समाज के लोग साक्षर हों। इसका भी संकल्प लिया। अनिल कुमार ने बसपा की लोकप्रियता पर कहा कि बसपा के प्रति लोगों में उत्साह देखकर सरकार भी घबरायी हुई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह कार्यक्रम पहले मिलर हाई स्कूल होना तय हुआ था, लेकिन एन वक्त पर सरकार ने इसे कैंसिल करा दिया। बावजूद हमने कम समय और जगह में एक सफल आयोजन किया है, जो इस बात को स्थापित करती है कि बिहार में बसपा की आंधी है, जो आने वाले दिनों में तूफ़ान बनने वाली है। उन्होंने कहा कि लोक सभा में बाबा साहब पर सत्ता वालों को आपत्ति हो रही है। जय भीम से जिसको एलर्जी है, उन्हें भारत छोड़ना होगा। हम आने वाले विधान सभा में 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि दलितों पर राजनीति करने वाले बहुत है। लेकिन उनकी उत्थान की बात करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर भी हमला बोला और कहा कि जब उन्हें मौका मिला, तब कभी भी उन्होंने समाज के लिए कोई काम नहीं किया। बसपा ने उन्हें बेनकाब कर दिया है। अब उनकी दाल गलने वाली नहीं है। इसके अलावा उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समरसता, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जिससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस समारोह में पिंटू यादव, सुनेश कुमार, लालजी राम, शिवबहादुर पटेल, संजय मंडल, जे पी यादव, सुरदर्शन यादव, शुभाष गौतम, अभिमन्यु सिंह कुशवाहा, ओमप्रकाश पांडेय, राजा खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बसपा नेताओं ने संत रविदास जी के विचारों को आगे बढ़ाने और समाज में भाईचारे और समरसता कायम रखने का संकल्प लिया। जयंती समारोह को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही, जिससे पूरा कार्यक्रम श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

# पटना नगर निगम का अभियान सब मिलकर के काम करेंगे, पटना नगर को साफ करेंगे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना नगर निगम ने चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त श्री अनिमेष पराशर के निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ राणा सिंह, पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश कुमार केसरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ राणा सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया और परिसर तथा पूरे शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना के निदेशक ने सभी छात्रों एवं अन्य श्रोताओं तथा पटना के अन्य निवासियों से विनम्र अनुरोध किया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी निवासियों को स्वच्छ पटना सर्वेक्षण 2024 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि इस बार स्वच्छता के सर्वे में पटना सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सके। इस विशेष अवसर पर बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने शानदार संगीत पर अपनी जानदार गीतों की प्रस्तुति दी। सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा की प्रस्तुति के दौरान श्रोता खुशी से झूम उठे एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। लोक गायक राजेश केसरी ने भी विद्यापति एवं शिव भजन गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया तथा उनसे निवेदन किया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी प्रतिभागिता अवश्य सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रतिभावान युवा गायिका दिव्यश्री एवं राजू कुमार ने भी स्वच्छता गीतों में बेहतरीन संगत दिया।इस अवसर को संगीत में शानदार तरीके से पिरोने का काम वादक कलाकारों ने भी बखूबी किया। ढोलक पर अमरनाथ, पैड पर अभिषेक कुमार, एवं हारमोनियम पर राजेश केसरी ने मिलकर शानदार संगीत का अदभुत समां बांधा। इस अवसर पर चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी तथा छात्रों के तरफ से परिसर तथा शहर को स्वच्छ रखने की अपनी प्रतिबद्धता जताई सर्वेक्षण में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की।

# लालू की तरह तेजस्वी भी आरक्षण को लेकर कर रहे गुमराह : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» सिर्फ चुनाव के समय ही लालू-तेजस्वी को आती है आरक्षण की याद

» जनसेवा के लिए नहीं, मेवा खाने के लिए राजनीति में आए तेजस्वी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस तरह लालू ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह किया, उसी तरह तेजस्वी भी आरक्षण को लेकर अपने झूठे बयानों से जनता को भ्रमित कर रहे हैं। लालू और तेजस्वी के लिए आरक्षण वंचित वर्गों के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक लाभ के लिए है। इसलिए इन्हें आरक्षण की याद सिर्फ चुनाव के समय आती है। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू और तेजस्वी सिर्फ अपने परिवार के लिए आरक्षण चाहते हैं। इनके लिए राजनीति सेवा का जरिया नहीं, बल्कि मेवा खाने का माध्यम है। श्री मिश्र ने कहा कि लालू को बताना चाहिए कि अपने शासनकाल में कितने वंचित वर्ग के युवाओं को आरक्षण का लाभ दिया। श्री मिश्र ने कहा कि 'आरक्षण चोर' कौन है, यह बिहार की जनता अच्छी तरह जानती है। श्री मिश्र ने तेजस्वी यादव पर प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव हताशा में अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं, जिसे अब कोई सुनना नहीं चाहता। युवावस्था में ही बिहार की राजनीति से तेजस्वी आउटडेटेड होते जा रहे हैं। आरक्षण पर बहुत राजनीतिक लाभ उठा चुके तेजस्वी, अब और नहीं। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। इस बार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी के पास कोई मुद्दा नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

## प्रोटीन के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों की दी जानकारी



**पटना।** गुलजारबाग शैक्षणिक अंचलाधीन राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय नरकट घाट, पटना में छात्र-छात्राओं को प्रोटीन के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्यों को लेकर स्नातक विज्ञान शिक्षक सूर्य कान्त गुप्ता के द्वारा राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस का आयोजन किया गया। श्री गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को वर्ग - 6 की विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के अध्याय - 2 के पाठ 'भोजन में क्या-क्या आता है' की इकाई - प्रोटीन की जांच, संतुलित आहार एवं कुपोषण से राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस को जोड़ते हुए बताया कि प्रोटीन मानव शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व है। इसका प्राथमिक कार्य मांसपेशियों के निर्माण में मदद करना है। यह शरीर के लिए ऊर्जा का एक स्रोत भी है। प्रोटीन शरीर की वृद्धि के लिए आवश्यक तत्व है। यह कोशिका एवं ऊतकों को संरचना प्रदान करता है। रक्त प्रवाह में पोषक तत्वों का परिवहन एवं भंडारण करता है। शरीर के पीएच स्तर को बनाए रखता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। प्रोटीन शरीर के लिए बहुत जरूरी है। प्रोटीन के प्रमुख स्रोत - अंडा, चिकन, टुना, टर्की, मछली, दूध, चीज, दही, दाल, ब्रोकली, कद्दू के बीच, स्प्राउट, बादाम, जई, मट्ठा इत्यादि है। हमें अपने शरीर के वजन के हिसाब से प्रति किलोग्राम पर न्यूनतम 0.8 ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए। प्रोटीन के महत्व को देखते हुए प्रत्येक वर्ष 27 फरवरी को राष्ट्रीय प्रोटीन दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक एस इब्तेशाम हुसैन काशिफ, शरफुद्दीन नूरी, अजीज फातिमा, कनिज तैयब्बा, शाहीन नज्मी, रेशमा खातून की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाबा पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर निकली गई भव्य शिव बारात



**पटना।** राजधानी के अनिसाबाद के वशिष्ठ कोलोनी स्थित बाबा पशुपतिनाथ मंदिर से महाशिवरात्रि के मौके पर भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें आसपास के क्षेत्र के तमाम मोहल्लों से भक्तगण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के स्थानपना दिवस पूजन से हुआ। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विधिविधान के साथ रुद्राभिषेक के साथ पूजा अर्चना की शुरूआत की गई. इसके बाद हल्दी, परिछन एवं विवाह से जुड़ें अन्य मांगलिक कार्य हुए। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की। यह माना जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। बाबा पशुपतिनाथ मंदिर से शिव बारात निकाली गई। शिव भक्तों के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों के साथ शिव भक्त नाचते-गाते बारात में शामिल हुए। शिव बारात में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। बता दें कि महाशिवरात्रि के मौके पर हर साल की भांति इस वर्ष भी शिवजी की बारात निकाली गई जो क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा। जहां विधि विधान से शिव पार्वती का विवाह कराया गया. इस दौरान महिला भक्तों ने मंगल गीत गाएं। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के मुख्य यजमान अविनाश उज्जवल और स्वाति सिंह ने पूरी की। बाबा पशुपतिनाथ शिव मंदिर सञ्चालन समिति के सचिव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सभी लोगों का इस पहल में महत्वपूर्ण सह्योग प्राप्त हुआ है। सारे धार्मिक पूजा एवं कर्मकांड पण्डित नीरज कुमार पाण्डेय के द्वारा करवाया गया । इस अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष, हरेन्द्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह एवं चन्द्र भूषण तिवारी उप सचिव - गोपाल सिंह एवं श्री अरुण कुमार सिंह एवं कृष्ण मुरारी सहित सैंकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## मोती लाल प्रसाद ने कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री पद का कार्यभार संभाला

**पटना।** मोती लाल प्रसाद ने गुरुवार को कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री पद का कार्यभार ग्रहण किया। विभाग के अधिकारियों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। विभाग के सचिव ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं और विभाग के कार्यों, उपलब्धियों और भावी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री मोती लाल प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने विभाग के वर्तमान कार्यों की समीक्षा की और विभाग के दृष्टिकोण, उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे बदलाव महसूस हो। मंत्री ने विभाग के सभी अधिकारियों को मनोयोग के साथ कार्य करने और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा सर्वांगीण विकास के लिए नई योजनाएँ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विभाग के कामकाज में गति और प्रभावशीलता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया।इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रचना पाटील डायरेक्टर आर्कियोलॉजी, म्यूजियम सह कल्चर, उप-सचिव अनिल कुमार सिन्हा, प्रशासी पदाधिकारी भारतीय नित्य कला मंदिर, कहकशाँ और अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिहारी कलाकारों से सजी हिंदी फिल्म पेन-ब्रश का मुहूर्त संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** दैवार्य मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने जा रही हिंदी फिल्म "पेन-ब्रश" का भव्य मुहूर्त पटना के राजापुल स्थित बीटीएस डिस्क कैफे एंड रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। इस मौके पर फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक कमल के ठाकुर, निर्माता अनुभव श्रीवास्तव, लेखक अमित पटेल, कोरियोग्राफर अमर राज, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर पवन कुमार दुबे सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए निर्माता एवं निर्देशक कमल के ठाकुर ने बताया कि यह फिल्म पूर्ण रूप से पारिवारिक और मधुर संगीत से सजी होगी जिसकी पूरी शूटिंग बिहार में ही की जाएगी। कमल ठाकुर ने कहा कि मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत-संगीत, कला और प्रेम की कहानी का मिश्रण है पेन-ब्रश। वहीं फिल्म के निर्माता ने कहा कि ग्रामीण बिहार के हृदय

» मिथिला की सांस्कृतिक विरासत-संगीत, कला और प्रेम की कहानी का मिश्रण है पेन-ब्रश

में, जहाँ मधुबनी कला की जीवंत छटाएँ परम्परा की कहानियाँ कहती हैं, और लोक संगीत हवा में गूँजता है, वहाँ पेन-ब्रश प्रेम, उत्पीड़न और मुक्ति की एक गहरी भावनात्मक गाथा के रूप में सामने आती है। एक प्रसिद्ध लोक गायक रघु झा का सामना अपने अतीत से होता है। उसके दर्द के केंद्र में मैथिली है, वह महिला जिसे वह कभी प्यार करता था, लेकिन सामाजिक दबाव और उसके पिता की क्रूर महत्वाकांक्षाओं के कारण उसे छोड़ना पड़ा। सपनों और वादों से उनका युवा प्रेम जाति की राजनीति और धोखे से बिखर गया। इस प्रेम के भटवाक की कहानी है पेन-ब्रश। वहीं फिल्म के एग्जिक्यूटिव प्रोड्यूसर पवन कुमार दुबे ने बिहार सरकार का आभार




जताते हुए कहा कि बिहार में फिल्म नीति लागू होने से यहां के कलाकारों को इसका फायदा मिलेगा। अच्छी सब्सिडी मिलने से कलाकारों का मनोबल बढ़ेगा और बिहार में ज्यादा से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग हो पाएगी जिससे यहां के फिल्म जगत से जुड़े लोगों की भी कमाई हो सकेगी। जबकि फिल्म के कोरियोग्राफर अमर राज ने बताया कि इस फिल्म की पूरी शूटिंग बिहार के अलग-अलग लोकेशन्स में बिहारी कलाकारों के साथ ही जाएगी। इस फिल्म के डीओपी अभय लतीश भलकौडे, क्रिएटिव डाइरेक्टर मयंक तुलस्यान, प्रोडक्शन डिज़ाइनर अनुश्री, आर्ट डाइरेक्टर राहुल कुमार एवं कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर अमित पटेल हैं। मौके पर फिल्म से जुड़े कई अन्य कलाकारों की मौजूदगी रही।

## शक्ति ग्रुप ने 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफ़र से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफ़डी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग - अलग जरूरतों को पूरा करती है।



भारतीय सोलर पंप मार्केट में एक मान्यता प्राप्त लीडर, शक्ति पंप्स एनर्जी एफिशिएंसी और स्थिरता पर जोर देते हुए दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करता है। कंपनी ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और लाभप्रदता का प्रदर्शन किया है। शक्ति पम्पस (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा, "यह महत्वपूर्ण निवेश मध्य प्रदेश और इसके विकास पथ के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमें राज्य की अपार संभावनाओं और इसके अनुकूल कारोबारी माहौल पर विश्वास है।

## आशियाना - दीघा रोड में राउंड द क्लॉक रेस्टोरेंट का शुभारंभ, ग्राहकों को मिलेगी 24 घंटे सेवा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** हॉस्पिटैलिटी इंडिया के तहत संचालित राउंड द क्लॉक रेस्टोरेंट का शुभारंभ आशियाना - दीघा रोड स्थित मजिस्ट्रेट कॉलोनी में किया गया। रेस्टुरेंट का शुभारंभ हॉस्पिटैलिटी इंडिया के सीईओ रितेश कुमार चौधरी एवं राउंड द क्लॉक रेस्टुरेंट की संचालक दिव्या सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हॉस्पिटैलिटी इंडिया के सीईओ रितेश कुमार चौधरी ने कहा कि पटना में अब ऐसा ग्लोबल फूड कुजीन रेस्टुरेंट खुल गया है जहाँ ग्राहकों को 24 घंटे सेवा मिलेगी। इस क्षेत्र में इस रेस्टोरेंट के खुलने से यहां के लोगों को काफी सुविधाएँ मिल सकेगी और ग्राहक एक अलग स्वाद से रूबरू हो सकेंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य अपने ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करना



है। उन्होंने बताया कि इस रेस्टोरेंट में एक साथ 100 लोगों के बैठ कर खाने की व्यवस्था है तथा हमारे ग्राहक इसे बर्थडे, पार्टी, मीटिंग या अन्य किसी भी फंक्शन के लिए बुक कर सकते हैं। वहीं राउंड द क्लॉक रेस्टुरेंट की संचालक दिव्या सिंह ने कहा कि हमलोगों ने खाने के साथ-साथ एक मनमोहक वातावरण की भी व्यवस्था की है ताकि हमारे ग्राहकों का यहाँ बिताया हुआ समय एक यादगार पल बन सके। पटनावासियों को यहाँ पर ऑनलाइन तथा होम डिलीवरी की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। यह एक ग्लोबल फूड कुजीन रेस्टोरेंट है जिसमें हमने सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखकर कीमत बहुत ही कम रखा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार के अन्य शहरों में भी हमारे इस रेस्टोरेंट के विस्तार की योजना है। मौके पर रेस्टोरेंट के कर्मियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और पुलिस सप्ताह पर निकाली गई

नई सोच एक्सप्रेस

**प्रभातफेरी।** नशा मुक्ति का दिया गया संदेश। खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और स्वच्छता पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भरतखण्ड थानाध्यक्ष रौशन प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन भरतखण्ड थानाध्यक्ष रौशन प्रसाद,प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने किया। थानाध्यक्ष रौशन प्रसाद ने अभिभावक और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में नशा एक गंभीर समस्या है, जो परिवारों को बर्बाद कर रही है। बिहार सरकार द्वारा लागू शराबबंदी को सफल बनाने और नशे से दूर रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है पुलिस प्रशासन समाज को नशा मुक्त



बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। शिक्षिका वंदना कुमारी और अरविंद कुमार राणा ने कहा कि जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रभावित होता है। कार्यक्रम के बाद भरतखण्ड थाना क्षेत्र के बुद्धनगर गांव में पुलिस सप्ताह दिवस पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। प्रभातफेरी में पुलिस पदाधिकारी के अलावे मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड के शिक्षक, छात्र छात्राएं हाथ में तख्तियां लेकर नशामुक्ति के नारे लगाते हुए जागरूकता का संदेश दे रहे थे। नशा मुक्ति का अभियान, बने जन जन की पहचान और जन जन का एक ही नारा, नशा मुक्त हो प्रदेश हमारा जैसे संदेशों के साथ जयघोष किया। साथ ही भरतखण्ड थानाध्यक्ष रौशन प्रसाद ने छात्र छात्राएं के बीच पढ़ने के पाठन सामग्री का वितरण किया। मौके पर थानाध्यक्ष रौशन प्रसाद, मोहम्मद फिरोज आलम, अभिनाश कुमार पासवान, अनिल कुमार, संतोष कुमार, अंगद कुमार, विभीषण कुमार,प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, वंदना कुमारी, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, सफकत आफरीन, मीनाक्षी कुमारी, उत्कर्ष कुमार, अरविंद कुमार राणा, मिथुन दास, अरुण यादव, सार्थक राज, प्रीतम, प्रियांशु और सैकड़ों छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

## टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा प्रकाशित ई-पत्रिका 'प्रज्ञानिका' का भव्य विमोचन भुवनेश्वर और गुवाहाटी में

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा प्रकाशित ई-पत्रिका 'प्रज्ञानिका' का विमोचन 26 फरवरी 2025 को एक भव्य कार्यक्रम में भुवनेश्वर और गुवाहाटी दोनों स्थानों पर किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिहार के शिक्षकों द्वारा प्रकाशित इस पत्रिका का विमोचन पहले क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर में हुआ उसके बाद सीसीआरटी, गुवाहाटी में भी इस पत्रिका का विमोचन किया गया। इन दोनों कार्यक्रमों ने पूरे शैक्षिक समुदाय में एक नई ऊर्जा का संचार किया और यह बिहार तथा अन्य राज्यों के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गया।

**भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम**-भुवनेश्वर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय

» शिक्षकों के नवाचारों,शोध और विचारों को राष्ट्रीय पहचान देने का मंच है "प्रज्ञानिका"

शिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर के प्राचार्य पी.सी.अग्रवाल सर ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉ. अरुप कुमार साहा, प्रोफेसर एल. बेहरा सर, और डॉ. रत्ना घोष ने 'प्रज्ञानिका' पत्रिका के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. अरुप कुमार साहा ने कहा कि "प्रज्ञानिका, बिहार के शिक्षकों का गौरव है। यह पत्रिका न केवल बिहार के शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करती है बल्कि भारतीय शिक्षा जगत में एक नई दिशा और पहचान स्थापित करेगी।" पत्रिका की प्रधान संपादिका निधि चौधरी ने भी कार्यक्रम में पत्रिका के विषय-वस्तु और दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा प्रकाशित 'प्रज्ञानिका' बिहार के शिक्षकों की उपलब्धियों और उनकी यात्रा को साझा करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह पत्रिका न सिर्फ शैक्षिक संदर्भों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेगी बल्कि शिक्षक समुदाय के आपसी विचार-विमर्श और सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी जो बिल्कुल निःशुल्क है।

**गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम**-गुवाहाटी में सीसीआरटी के एक भव्य कार्यक्रम में 14 राज्यों के प्रतिभागियों की उपस्थिति में संस्थान के आदरणीय परामर्शक महोदय निरंजन भुयान द्वारा "प्रज्ञानिका" पत्रिका का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में निरंजन भुयान ने प्रज्ञानिका पत्रिका की महत्ता पर प्रकाश डाला और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक नई दिशा देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पत्रिका न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में काम करेगी बल्कि यह विभिन्न राज्यों के बीच विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। इस अवसर पर सीसीआरटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्व भी उपस्थित थे जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में उपस्थित 14 राज्यों के प्रतिभागियों ने भी प्रज्ञानिका पत्रिका के उद्देश्यों और इसके लाभों पर विचार किए और इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया।

**प्राचार्य ने की सराहना**-क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भुवनेश्वर के प्राचार्य ने प्रज्ञानिका के प्रयासों की सराहना की और सम्पादक महोदया निधि चौधरी और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह मंच बहुत ज्यादा खर्चीला भी नहीं है और एक क्लिक में सभी के पास उपलब्ध हो जाएगा। यह न केवल लर्निंग का बल्कि प्रमोशन के लिए भी अच्छा अवसर है। इस प्रकार के प्रयासों से बहुत से लोगों को जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने प्रज्ञानिका के नाम की भी सराहना की, जिसे अद्भुत बताया और कहा कि यह नाम अपने आप में ज्ञान का प्रतीक है। यह सबको ज्ञानवान बनाएगा और ऊर्जावान बनाएगा। इसके संचरण से आगे के दिशा में विकास होगा।

**एक ऐतिहासिक पहल**-दोनों कार्यक्रमों ने यह सिद्ध कर दिया कि जब शिक्षकों को प्रेरणा और सही दिशा मिलती है तो वे समाज के लिए वास्तविक परिवर्तन का स्त्रोत बन सकते हैं। 'प्रज्ञानिका' न केवल बिहार के शिक्षकों का सम्मान बढ़ाने का कार्य करेगा बल्कि यह एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा और आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा। टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि लोकार्पण के बाद पत्रिका की पहली प्रति से शिक्षकों को अवगत कराया गया और यह भी बताया गया कि कैसे लोग इस पत्रिका के साथ जुड़ सकते हैं और इसके माध्यम से अपनी शैक्षिक सफलता और नवाचारों को साझा कर सकते हैं। इस पहल के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार होगा।

## मगही महोत्सव 2025: भाषा-संस्कृति के उत्थान का ऐतिहासिक आयोजन -मगही रत्न राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर'

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार सरकार एवं नवादा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से "मगही साहित्य सम्मेलन - सह भाषाई कार्यशाला एवं मगही महोत्सव" का भव्य आयोजन 01 मार्च २०२५ हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में किया जा रहा है। यह आयोजन मगही भाषा, साहित्य, लोकसंस्कृति एवं परंपरा को सहेजने तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। मगध की पावन भूमि पर आयोजित इस ऐतिहासिक महोत्सव में मगही साहित्य, लोककला, संगीत एवं संस्कृति को समर्पित विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। इसमें बिहार प्रदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, शोधकर्ता, कलाकार एवं मगही प्रेमी भाग लेंगे। बिहार सरकार एवं नवादा जिला प्रशासन की सराहनीय पहल के लिए भूरी भूरी प्रशंसा मगह क्षेत्र में हो रही है । बिहार सरकार एवं नवादा जिला प्रशासन द्वारा मगही भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु यह ऐतिहासिक पहल की गई है और मगध क्षेत्र के नामचीन साहित्यारों को आमंत्रित किया गया है । अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत और गीतकार ( डा ) शिवेंद्र नारायण सिंह जी ने कहा क्रि मगही भाषा-साहित्य को बढ़ावा देने के लिए शोध एवं प्रकाशन को प्रोत्साहित मगही को विद्यालयों एवं अकादमिक स्तर पर सुदृढ़ करने की योजना ,लोककला, लोकसंस्कृति एवं पारंपरिक मगही गीत-संगीत को संजोने का प्रयास , मगही भाषा को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ावा देने हेतु विशेष अभियान शुरू किए जाने क्रि आवश्यकता हैं। इस आयोजन के लिए विश्व मगही परिषद की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई हैं। मगही रत्न राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' ने कहा कि यह आयोजन मगही भाषा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं,,अंतरराष्ट्रीय महासचिव, प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण (संस्थापक, विश्व मगही परिषद ,नई दिल्ली) ने कहा—"मगही भाषा हमारी अस्मिता की पहचान है। यह महोत्सव हमारी जड़ों से जोड़ने वाला, संस्कृति को जीवंत करने वाला एक बड़ा आयोजन है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि अपनी भाषा और संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।" विश्व मगही परिषद एवं आयोजन समिति समस्त मगही प्रेमियों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं शोधार्थियों से इस महोत्सव में सादर आमंत्रण देती है। आइए, मिलकर अपनी भाषा और संस्कृति के इस महापर्व को ऐतिहासिक बनाएं। विश्व मगही परिषद एवं साहित्यकारों की ओर से शुभकामनाएँ देने वालों में डॉ रामचनद्र सिंह , ललित किशोर शर्मा , नीता सिंह पुतुल , गीतकार राजकुमार, लखीसराय से डॉ. राजेंद्र राज ,नालंदा से श्री जयराम देवसपुरी, डॉ विजय कुमार सिंह ,मगही रत्न जयप्रकाश सिंह ,निशा कुमारी, खुशबू कुमारी ,शेखपुरा से जयनंदन सिंह , डॉ किरण कुमारी शर्मा , ममता कुमारी , वंदना कुमारी ,रागिनी कुमारी ,चुनचुन पांडेय ,गया से पूनम कुमारी , ,पटना से डॉ दिलीप कुमार, पूजा ऋतुराज , प्रभात वर्मा , हिमांशु शेखर , नरेंद्र प्रसाद सिंह , चीन से डॉ राजीव रंजन और नई दिल्ली से समाजसेवी श्रीमती रंजना कुमारी सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए।

## हजारों अद्वितीय उत्पादों के विशेष संग्रह के साथ ज्ञान भवन में शुरू हुआ महिला उधमी फागुनोत्सव - 2025

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उधमी फागुनोत्सव - 2025 का शुभारंभ गुरुवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के कर - कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना के निदेशक सी एस एस राव, नाबार्ड के डीजीएम बी डी नायक, केवीआईसी के निदेशक एच एम मेवाती, बीआईए के अध्यक्ष के पी एस केसरी, रुबन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. सत्यजीत सिंह, बिहार महिला संघ की अध्यक्ष उषा झा सहित संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने पटना में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार महिला उद्योग संघ स्थानीय उद्यमियों और कलाकारों को आगे बढ़ाने का निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यम के क्षेत्र में बिहार की महिलाओं की बड़े स्तर पर सहभागिता



देखी जा रही है। इस प्रदर्शनी के आयोजन से बिहार के साथ - साथ देश की भी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी। वहीं अपने संबोधन में बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने बताया कि इस पांच दिवसीय मेले का आयोजन विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए किया गया है ताकि वो इस मंच के माध्यम से अपने द्वारा तैयार किये गए सामानों को बेच सकें। मेले में कुल 200 स्टॉल लगाया गया है जिसमें पटना के साथ - साथ बिहार के विभिन्न जिलों की महिला उद्यमी प्रतिभागी शामिल हुई हैं। मेले में बिहार के भिन्न - भिन्न क्राफ्ट जैसे मिथिला पेंटिंग, सुजनी, काथा, एप्लिक, खटुआ, टिकुली, बैम्बू, सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाली उद्यमी, फूड प्रोडक्ट इत्यादि का स्टॉल है। इसके साथ - साथ देश के अन्य राज्य जैसे पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आसाम, कश्मीर, झारखंड इत्यादि से भी प्रतिभागी शामिल हुई हैं। हजारों अद्वितीय उत्पादों के प्रदर्शन के साथ मेले का आयोजन एक भव्य प्रदर्शनी माहौल में किया गया है जिसका समापन 3 मार्च, 2025 को होगा। यह मेला सुबह 10 : 30 बजे से रात 8 : 00 बजे तक ग्राहकों के निःशुल्क प्रवेश के साथ खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि मेले में 28 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी का कार्यक्रम किया जाएगा जबकि 1 मार्च 2025 को सरकार के इ कॉमर्स (जीईएम) पर वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जीईएम के पदाधिकारी के द्वारा महिला उद्यमियों को जानकारी दिया जाएगा और उन्हें जागरूक किया जायेगा। इस मौके पर संघ की उपाध्यक्ष इंदु अग्रवाल, किरण रंजन, पूर्णिमा रॉय, सचिव मेनका सिन्हा, कार्यपालक निदेशक साधना झा, कोषाध्यक्ष अंकिता तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अम्बिका देव, रुचि चौधरी, नितिका अग्रवाल प्रियंका सिन्हा, एवं बिहार महिला उद्योग संघ की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर देश की मानस पर समस्तीपुर को स्थापित किया है - राकेश ठाकुर



**समस्तीपुर।** विधानसभा क्षेत्र के केवस, मोरदीवा तथा छतौना पंचायत में स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने जनसंपर्क अभियान व जनता संवाद चलाया । अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव , संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, स्वागत संबोधन मुखिया राजीव राय तथा धन्यवाद ज्ञापन मुखिया लक्ष्मण पासवान ने किया । इस दौरान स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि केवस लखवी चौक से रसलपुर तक लगभग 02 करोड़ की लागत से 03 Km लंबी सड़क, केवस काली स्थान से कटानी ढाला मोरदीवा तक लगभग 2.34 करोड़ की लागत से 02 Km लंबी सड़क, लगभग 51 लाख रूपये की लागत से रोसड़ा मुख्य मार्ग से रामाधार मुखिया के घर की ओर जाने वाली 0.84 Km लंबी सड़क, रामनाथपुर से डंडा चौक होते हुए सहनी टोला तक 70 लाख रूपये की लागत से 1.2 Km लंबी सड़क तथा छतौना भुसारी से काली स्थान होते हुए डढ़िया ढाला तक 1.5 करोड़ रूपये की लागत से लगभग 02 Km लंबी सड़क के निर्माण हेतु स्वीकृति मिल गई है । जल्द ही इन महत्वपूर्ण सड़कों का टेंडर होगा तथा निर्माण कार्य प्रारंभ होगा । उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण हेतु संबंधित अधिकारियों से लगातार पत्राचार करते रहे है एवं विधान सभा में इसको लेकर आवाज उठाते रहे है । स्थानीय ग्रामीणों ने इस पर खुशी जताते हुए ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर विधायक का स्वागत एवं आभार जताया। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रखना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उनके प्रयास क्षेत्र चौमुखी विकास की ओर अनवरत बढ़ रहा है । समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास विगत 14 वर्षो के अंदर तीव्र गति से हुआ है। आज समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास माडल की चर्चा सूबे बिहार में हो रही है । अपने सम्बोधन के क्रम में जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर देश की मानस पर समस्तीपुर को स्थापित किया है , इसलिए 2025 में एक बार फिर से क्षेत्र की जनता विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के साथ चलने के लिए तैयार है। विधायक की उपलब्धियां गिनाते हुए जिला राजद महासचिव रामकुमार राय, मुखिया राजीव राय, मुखिया लक्ष्मण पासवान तथा सरपंच अशोक सिंह ने बताया कि श्री शाहीन की अगुवाई में चौतरफा विकास हुआ है। साथ ही लगातार विकास की नींव रखी जा रही है। विधायक ने गांव-गांव में सड़क, पुलिया , विद्यालय के कमरे, शेड , चबूतरा तथा अस्पताल का जाल बिछा रखा है ।

### कृष्ण कुमार मंटू के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



**छपरा।** जिले के अमनौर से बीजेपी विधायक कृष्ण कुमार मंटू अब मंत्री बनाये गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। मंत्री बनने पर अमनौर सहित परसा विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सहित आमलोगों में खुशी की लहर है । मंटू ने दो दशक पूर्व परसा प्रखंड के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष पद से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। बता दें कि मंत्री बने विधायक मंटू परसा की बनौता पंचायत के कुर्मी जाति और किसान परिवार से आते हैं। वे पटेल छात्रावास निर्माण ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं। वे छात्र जीवन से ही उन्होंने राजनीति की शुरुआत कर ली थी। बनौता पंचायत के मुखिया रह चुके मंटू क्षेत्र में अपनी दबंग छवि के लिए जाने जाते हैं। अपने समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत पत्नी सविता देवी लगातार तीन-तीन बार से प्रखंड प्रमुख के पद पर काबिज कराने में कामयाब रहे हैं। परसा प्रखंड के वर्तमान में भी उनकी पत्नी सविता देवी प्रमुख हैं। कृष्ण कुमार मंटू पहली बार 2010 में जेडीयू के टिकट पर अमनौर से विधायक चुने गए थे। उस वक्त उनकी छबि दबंग विधायक के रूप में उभर कर आयी। मंटू सीएम नीतीश कुमार व सांसद रूडी के बेहद करीब हैं। इधर मंटू सिंह के मंत्री बनने पर अमनौर विधानसभा क्षेत्र सहित परसा विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आमलोगों में खुशी की लहर है। अमनौर मंडल भाजपा अध्यक्ष अभिषेक सिंह टिंकू, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा मोर्चा के उज्वल कुमार, संजय सिंह, मनोज सिंह, संतोष कुमार, निरंजन शर्मा, डॉ सुचीन्द्र साह छात्र नेता अंकित सिंह, अंगद सिंह मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, ईप्रतीक कुमार, पैक्स अध्यक्ष अजीत सिंह, गणेश सिंह, श्याम बिहारी तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, उमेश सिंह ने खुशी का इजहार करते हुए अमनौर विधायक मंटू सिंह को बधाई दी ।

### अनुमंडल स्तरीय भूमि विवाद की सुनवाई की गयी जिसमे कई मामलो को निपटारा भी किया गया



**समस्तीपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुमंडल स्तरीय भूमि विवाद की सुनवाई की गयी जिसमें कुल-11 मामले की सुनवाई की गयी कुल- 08 मामले का निष्पादन किये गये एवं शेष- 03 मामले को अगले तिथि निर्धारित की गयी है इस सुनवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल दण्डाधिकारी (पंकज कुमार झा) एवं अंचल से आये परिवादी के साथ साथ अचंलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी बैठक मे उपस्थित थे।

### सोनसा में धूमधाम से शिव विवाह कार्यक्रम सम्पन्न किया गया



**समस्तीपुर/सिंघिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विष्णुपुर डीहा पंचायत अन्तर्गत सोनसा गांव में बड़ी धूमधाम से शिव मंदिर के प्रांगण में शिव विवाह पंडित जी के द्वारा सम्पन्न किया गया। मोके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रज भुषण यादव , महन्त रामदेव दास जी महाराज , मेला अध्यक्ष मनोज कुमार पूर्वे , कोषाध्यक्ष अध्यक्ष पंकज कुमार यादव , मेला मालिक जय प्रकाश यादव , राम सुधारी यादव , मंजूर यादव , कारी पंडित , लखिनद्र सदा , बिरजू चौपाल , मनोज कुमार यादव, चुन चुन मांझी , बिमलेश राम , फुलों यादव ,अशोक कुमार यादव एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने शिव विवाह के समय उपस्थित थे।

## अपार आईडी बनाने में शिथिलता को लेकर 6 बीईओ से स्पष्टीकरण

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा गुरुवार को शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्तमान में जिला में 82 भूमिहीन विद्यालय हैं जिनके भवन निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर अपर समाहर्त्ता के माध्यम से भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया।विद्यालय में अध्यनरत छात्रों का अपार आईडी बनाया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 55% छात्रों का अपार आईडी बनाया जा चुका है। इसकी धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। 55 प्रतिशत से कम अपार आईडी बनाने वाले प्रखंड सदर छपरा, जलालपुर, तरैया, दिघवारा, मांझी एवं एकमा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा गया। ई-शिक्षा कोष पर बच्चों के आधार नामांकन की प्रविष्टि की जा रही है। अभी भी लगभग 90000 बच्चों का आधार नहीं बना है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मध्याह्न भोजन के आपूर्तिकर्त्ता एजेंसी के केंद्रीयकृत किचन से भोजन डिस्पैच के समय संबंधित बीआरपी निश्चित रूप से वहां मौजूद रहें। सबसे दूर वाले विद्यालयों के लिए भोजन लेकर वाहन सबसे पहले किचन से खुले ताकि समय पर वहां खाना पहुंच सके। सभी किचन का औचक निरीक्षण सुनिश्चित कराया जाएगा। जिला के 712 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए संबंधित विद्यालयों को राशि दी गई है। पोषण वाटिका में विभिन्न प्रकार की सब्जियों को उगाया जाएगा जिसका उपयोग मध्याह्न भोजन में भी किया जा सकेगा। साथ ही बच्चों को कृषि कार्यों के बारे में भी बेसिक जानकारी इसके माध्यम से दी जा सकेगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस एवं पब्लिक के बीच खेले गए क्रिकेट टूर्नामेंट में पब्लिक टीम ने 3 विकेट से जीता मैच



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/सिंघिया।** जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र के फुलहारा स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए क्रिकेट मैच जो पुलिस 11 और पब्लिक 11 के बीच खेला गया। जिसमें पुलिस 11 की टीम ने टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में कुल 175 रन बनाए, जवाब में पब्लिक 11 की टीम ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाते हुए मैच को 3 विकेट से जीत लिया। पुलिस 11 के कप्तान SI दीपक कुमार ने खराब क्षेत्ररक्षण मैच हारने का कारण बताया। वहीं पब्लिक 11 की ओर से सार्वाधिक 79 रनों की पारी प्रखण्ड उप प्रमुख रिंकू सिंह ने खेली। उनके इस बेजोड़ पारी के बदौलत पब्लिक 11 की टीम ने यह मैच जीतने में कामयाब रही। बताते चलें कि पुलिस सप्ताह दिवस 22 से 27 फरवरी के बीच मनाया गया जिसके तहत यह क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित की गई। वहीं विजेता पब्लिक 11 टीम को थान अध्यक्ष राज किशोर राम ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया वहीं उप विजेता पुलिस 11 टीम को प्रमुख बिरजू साहू ने रनर ट्रॉफी देकर सम्मानित किए। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख बिरजू साहू,थाना अध्यक्ष राज किशोर राम, मोहन सिंह, मुन्ना यादव,दीपक कुमार , उपेंद्र कुमार,एडिशन कुमार ,परशुराम सिंह ,अनिल यादव, शिक्षक नेता कृष्ण कुमार सिंह, अनिल कुमार के अलावे सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

## स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजित किया गया

नई सोच एक्सप्रेस





» राजद नेता मुस्ताक आलम के हाथो से फिताकाट किया शुभारंभ

**किशनगंज।** ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कनकपुर पंचायत के हारोभीट्टा खेल मैदान में हारोभीट्टा स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्पोर्टिंग क्लब युवाओं के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजद नेता मुश्ताक आलम सहित गणमान्य लोग के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसके बाद स्पोर्टिंग क्लब द्वारा खेल का आगाज किया गया. इस दौरान राजद नेता मुश्ताक आलम ने स्पोर्टिंग क्लब के युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि खेल प्रतियोगिता है क्योंकि इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है. खेलकूद से सेहत का योगा होता है. इससे एक समाज में एक बेहतर मैसेज पहुंचता है. शिक्षा भी और खेल भी युवाओ के लिए ज़रूरी है. अच्छा कार्य से नई पीढ़ी को शिक्षा प्रदान होता है. आगे उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र के खिलाड़ियों ने क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और अपनी जीत दर्ज किया। खेल के आखिरी दिन क्रिकेट टूर्नामेंट खेल को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। गणमान्य लोगों ने क्रिकेट खेल का लुत्फ उठाया. श्री मुस्ताक ने कहा बड़ी खुशी की बात है कि आज के समय में क्रिकेट खेल का आयोजन हर पंचायत में होता है। युवा खेल का आनंद ले रहे हैं क्योंकि अब बिहार सरकार भी युवाओं के लिए हर पंचायत में खेल मैदान बना रहे हैं. जिससे युवाओं को खेल में हौसला अफजाई होते हैं। इस दौरान समाजसेवी मुख्तार आलम, जिला पार्षद फैजान अहमद, सरपंच प्रतिनिधि नासिर आलम, कांग्रेस नेता सलीम अख्तर, शम्स तबरेज, जावेद अख्तर सहित अन्य नेता भी मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» टीएलएम शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाने में करता है मदद : बीईओ




**छपरा।** शहर के लक्ष्मी नारायण ब्राम्हण उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन गुरुवार को किया गया। जहां सदर प्रखंड के सभी संकुल के पूर्व से चयनित प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी शिक्षकों ने इस मेला में भाग लिया और बच्चों को सुगमता पूर्वक सीखने में सहायक कलाकृतियों की प्रस्तुति की। शिक्षकों ने कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए हिंदी, गणित और अन्य विषयों से जुड़े टीएलएम प्रस्तुत किए। प्रस्तुत की गई कलाकृतियों का निरीक्षण जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजीत अमर हरिजन ने किया। उन्होंने कहा कि टीएलएम शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाने में भी मदद करता हैं क्योंकि यह अधिगमकर्ता को चिंता और भय से छुटकारा दिलाता है।साथ ही टीएलएम मेला से विद्यालय में होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों के क्रियान्वयन की झलक मिलती है। इससे यह पता चलता है कि विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किस तरह से हो रहा है। उन्होंने शिक्षकों द्वारा तैयार टीएलएम सामग्री के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की एवं इन प्रयासों को बच्चों तक पहुंचाने की बात कही। निर्णायक मंडल में उपस्थित बीइओ अजीत अमर हरिजन, बीपीएम रजनीश कुमार,बीआरपी मुन्ना कुमार,बबिता कुमारी,रूबी कुमारी एवं तहसीन कैसर द्वारा नेहा निभा,अनुराधा कुमारी,आजादी प्रणव,प्रेम कुमार साह तथा साहिन कमल के टीएलएम का चयन जिला स्तरीय टीएलएम मेले के लिए किया गया। बीपीएम रजनीश कुमार ने कहा कि प्रारंभिक स्कूलों में पढ़ रहे नौनिहालों में शिक्षकों का यह टीएलएम निश्चित रूप से सीखने के लिए ललक पैदा करेगा। बता दें कि बिहार शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन चार मार्च को अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय छपरा में किया जाएगा । इस कार्यक्रम में प्रखंड स्तर पर चयनित प्रथम पांच विजेता प्रतिभागियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## ढाका क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में तेजी

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी ( सिकरहना)।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'भारतमाला परियोजना' के तहत पूर्वी चंपारण जिले के ढाका क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य देश के सीमावर्ती और आंतरिक क्षेत्रों को सुदृढ़ सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। परियोजना के तहत चकिया से चोरमा, पकड़ीदयाल, ढाका होते हुए बैरगनिया तक लगभग 45 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है, और चिन्हित जमीन पर पिलर लगाकर मार्किंग की जा चुकी है। हरियाणा की धारीवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसने पकड़ीदयाल में अपना प्लांट स्थापित कर लिया है। बारिश के मौसम के बाद मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने की उम्मीद है। सड़क निर्माण से ढाका और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों में उत्साह है। परियोजना के पूर्ण होने पर ढाका में यातायात जाम की समस्या में कमी आने की संभावना है, क्योंकि यह सड़क ढाका शहर को बाईपास करते हुए बैरगनिया रोड में जुड़ेगी। इससे घोड़ासहन, बैरगनिया और सीतामढ़ी की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे समय और ईंधन की बचत होगी। हालांकि, कुछ भूमि मालिकों को मुआवजा भुगतान में देरी की शिकायत है। भूमि अधिग्रहण अधिकारी गणेश कुमार के अनुसार, जिन भूमि स्वामियों ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उन्हें भुगतान किया जा चुका है। शेष मामलों में, दस्तावेजों की कमी के कारण भुगतान लंबित है। अधिकारियों ने भूमि स्वामियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। भारतमाला परियोजना के तहत ढाका क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## अपनी धरा के लिए एक ओजस्वी के ईमानदार सपने

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहार ऐसे दहलीज पर खड़ा है जहां से युवाओं के सपनों को साकार करने हेतु तमाम बौध्दिकों को सकारात्मक चिंतन एक मंच पर आकर करना ही होगा, इसी चिंतन के प्रसाद को ग्रहण कर युवा नव बिहार के निर्माण के लिए संकल्पित हो पाएंगे, आईपीएस विकास वैभव ने अपना पहल कर दिया है शेष को मिलकर करना होगा, आज अपने आर्टिकल के माध्यम से विकास वैभव के संदेश को दे रहा हूँ।**

**आईपीएस विकास वैभव की कलम से....**

नमस्कार मित्रों, मैं सभी समन्वयकों से यह भी अनुरोध करना चाहता हूँ कि आज लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की ओर संपूर्ण बिहार एक आशा के साथ देख रहा है । सभी आशान्वित हैं और हमें आगे बढ़ते देखना चाहते हैं । यह हम सभी के कठिन परिश्रम एवं लगातार समर्पित भाव से किए गए योगदान का ही प्रतिफल है। हमें यह अवश्य ध्यान रखना होगा कि 22 मार्च, 2025 का आयोजन राजधानी पटना का अभी तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा । यदि इस आयोजन में हम 15,000+ की उपस्थिति सुनिश्चित कर पाते हैं तो निश्चित ही अभियान का संदेश सशक्तता के साथ संपूर्ण बिहार में गुंजायमान हो उठेगा । राजधानी के प्रमुख क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक पाटलिपुत्र की भूमि से संदेशों का प्रसार होना हमारे ध्येय के लिए अत्यंत आवश्यक है । अब समय बहुत कम ही शेष है, केवल 26 दिन ही बचे हैं। हर बीत रहा दिन महत्वपूर्ण है । 22 मार्च के पूर्व 9 मार्च को वी महिलाओं का सबसे बड़ा समागम* होना है । इस बाल 22 मार्च में भी लक्ष्य है कि 50% भागीदारी महिलाओं की* भी रहे । हम सभी को योजनाबद्ध रूप में प्रतिदिन हर भेदभाव से परे उठकर एक टीम के रूप में कार्य करना होगा । हमारा आपसी समन्वय एवं अनुशासन संपूर्ण बिहार के लिए अनुकरणीय होना चाहिए । ध्यान रहे कि अभियान में व्यक्ति से महत्वपूर्ण संगठन है । यदि हमारा संगठन आगे बढ़ता है तो हमारा भी उत्कर्ष होता है परंतु यदि परस्पर किसी प्रकार का संदेह अथवा संघर्ष होता है तो इससे संगठन का भी ह्रास ही होगा । हमें संगठन को सुदृढ करते हुए आगे बढ़ना होगा, किसी पर भी अनावश्यक टिप्पणी से बचना होगा, एक दूसरे को सहयोग करने से हम सशक्त होंगे । हमारा लक्ष्य बड़ा है और केवल एक कार्यक्रम तक ही सीमित नहीं है परंतु हर कार्यक्रम का सफल होना परम आवश्यक है । यदि 15,000+ इस बार आ पाते हैं तो आगे पटना के मिलर स्कूल परिसर में युवा संवाद और फिर आगे मुक्ताकाश में गांधीमैदान में नमस्ते बिहार बृहत जन संवाद के आयोजन पर हम शीघ्र ही निर्णय ले सकेंगे ।

**तो आइए, मिलकर एक ऐतिहासिक क्षण की तैयारी करते हैं । आइए, मिलकर आगे बढ़ते हैं । आइए, मिलकर प्रेरित करें बिहार ! विकास वैभव**

## त्रिवेणी संगम घाट- जगमोहरा में "मिथिला महाकुंभ संदेश " स्मारिका का विमोचन किया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/बिथान।** "मिथिला महाकुंभ संदेश"स्मारिका का विमोचन त्रिवेणी संगम स्थल पर किया गया ,मिथिलांचल की हृदयस्थली चार जिला का सीमांत क्षेत्र और तीन नदियों का संगम का अलौकिक छटा विखेरता त्रिवेणी संगम को पर्यटन गलियारा बनाने के लिए प्रयासरत मिथिला महाकुंभ संयोजक-पिंटू परदेशी बताया की बिहार में पर्यटन की अपार संभावना है ,खास करके मिथिला क्षेत्र का ऐतिहासिक विरासत समृद्ध है,जरूरी है इसे फिर से सवारने की .स्वास्थ्य पर्यटन प्रगतिशील क्षेत्र है, जिसका विकास दर लगभग 21% है.त्रिवेणी संगम जगमोहरा बिथान को आध्यात्मिक स्थान के साथ-साथ एक स्वास्थ्य पर्यटन स्थल बनाने का सपना है.क्षेत्र के तमाम लोगो में उत्साह है त्रिवेणी संगम को लेकर.संगम घाट पर लाखो की संख्या में श्रद्धालू की भिड़ जुटता है,कई दशक से पूस स्नान की परंपरा है।पूरे महीने श्रद्धालू आते हैं त्रिवेणी संगम घाट जगमोहरा ,जहां सनातन संस्कृति के अनुरूप मुंडन संस्कार,स्नान के पास्चात नदी पूजन ,जाप.कमला स्नान पूस से माघ महिना तक अनवरत चलते रहता है.माननीय मंत्री श्री नीतीश कुमार जी का सकारात्मक जवाब प्राप्त हुआ है, उनके दिये संदेश में। बिहार सहित भारत के सभी प्रबुद्ध नागरिकों,शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, महानुभाव को आभार एवं धन्यवाद आपके प्रेरक शुभकामनाएँ के लिए, जो हमारे अभियान को प्रेरित करेगा.स्मारिका विमोचन में समिति के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## बिहार के शिक्षा बजट पर दिया गया विशेष ध्यानः- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ।**बिहारशरीफ के मघडा में शीतला उच्च विद्यालय में विद्यालय विकास कोष से निर्मित नवनिर्मित एक कमरा हाल का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समीति के अध्यक्ष सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां एक बार में एक लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार में अकल्पनीय परिवर्तन हुआ है।2005 मे हमारी सरकार बनते ही 35 लाख बच्चों को हमलोगों को स्कूल पहुंचाया एक हजार से अधिक स्कूल बनाया शैक्षणिक माहौल बनाया।शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे दुनिया को जीता जा सकता है बच्चें आप देश के भविष्य हैं पढ़ाई पर ध्यान दें बिहार की सरकार हर संभव मदद छात्रों को पहुंचा रही है देश में सबसे ज्यादा छात्र कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बिहार है।हर जिले में अल्पसंख्यक छात्रावास जननायक कर्पूरी ठाकुर अतिपिछड़ा छात्रावास अम्बेडकर छात्रावास बनाया गया तथा छात्रावास में पढ़ रहे छात्रों को प्रतिमाह एक हजार की राशि तथा 15 किलो अनाज छात्रों को सरकार के द्वारा मुहैया कराई जा रही है।हर जिलों में मेडिकल कालेज इंजीनियरिंग कॉलेज पोलिटेकनिक कालेज नर्सिंग कॉलेज महिला आई टी आई बनाया अब हमारे छात्रों को पढ़ाई के लिए दूसरे राज्य की ओर रूख नहीं करना पड़ रहा है। मंत्री श्रवण कुमार का अंगवस्त्र देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमारी नूतन सिन्हा ने की।इस अवसर पर बिहारशरीफ अध्यक्ष गुलरेज अंसारी प्रवक्ता डा धनंजय कु देव प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा युगल किशोर प्रसाद जयन्त शर्मा धनंजय मुखिया विश्वास सिंह नीतीश पाण्डेय बिट्टू कुशवाहा उपेन्द्र दिलवाला नवीन राउत रामजन्म रविदास इंदू चौहान मनोज यादव विनोद प्र दिवाकर वर्मा सुरेन्द्र प्र सिंह वासुदेव प्रसाद मुन्ना पासवान प्रमोद यादव अर्जुन प्रसाद नागेन्द्र सिंह संजय प्र कुशवाहा कारू सिंह कल्लू राउत राजा मिश्रा कुन्दन महतो आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# काइनेटिक ग्रीन ने पटना में नई डीलरशिप का उद्घाटन कर बिहार में अपने नेटवर्क को मजबूत किया



**पटना।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर बनाने वाली, भारत की प्रमुख कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पावर लिमिटेड सॉल्यूशंस ने बिहार के पटना में एक नई इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर डीलरशिप व्हील्स मार्ट प्राइवेट लिमिटेड के शुभारंभ की घोषणा की है। यह दीघा-आर ब्लॉक मेन रोड, अटल पथ, अपोज़िट 3एम कार केयर, राजीव नगर, पटना, बिहार में स्थित है। यह भव्य शुभारंभ बिहार में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने के लिये ब्रैंड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। काइनेटिक ग्रीन में 2-व्हीलर बिजनेस के प्रेसिडेंट श्री पंकज शर्मा ने कहा, हम पटना में अपनी नई डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह बिहार में हमारे विस्तार के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक मील का पत्थर है, जो पूरे भारत में इलेक्ट्रिक यातायात को सुलभ बनाने तथा इसे मुख्यधारा में लाने के लिये हमारी वर्तमान प्रतिबद्धता दिखाता है। व्हील्स मार्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर्स राघवेन्द्र रंजन और कृष्ण कांत ने कहा, हम काइनेटिक ग्रीन के साथ साझेदारी करते हुए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने हमें जो सहयोग दिया और जो आत्मविश्वास दिखाया है, उसके लिये हम उनके बहुत आभारी हैं। हम ग्राहकों को उच्च-स्तर की सेवाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन देना चाहते हैं, ताकि उन्हें पूरी तरह सोच-समझकर फैसले करने में मदद मिले। इस उद्घाटन समारोह में काइनेटिक ग्रीन की टीम के अलावा, कई सरकारी अधिकारी, ओपिनियन लीडर्स और ग्राहक भी शामिल हुए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को कम करने में इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा भी की। काइनेटिक ग्रीन की नई डीलरशिप एक 3एस (सेल्स-सर्विस-स्पेयर्स) सुविधा है। यहाँ बड़े गर्व से काइनेटिक ग्रीन के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की एक शानदार रेंज का प्रदर्शन किया जाता है, जिसमें ई-लूना, जुलू, ज़िंग शामिल हैं।

# भारती एयरटेल ने 5जी के विस्तार के लिए एरिक्सन की 5जी कोर तकनीक के साथ साझेदारी की

**पटना।** भारती एयरटेल और एरिक्सन ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुँचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत, एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रिय, बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगा, ताकि ग्राहकों को 5जी की उन्नत क्षमताओं का लाभ मिल सके। भारती एयरटेल के सी टी ओ, रणदीप सेखों ने कहा कि एरिक्सन के साथ एयरटेल की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी एक रोमांचक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जो एयरटेल के 5जी स्टैंडअलोन में बदलाव के लिए एरिक्सन के 5जी कोर सोल्यूशन के साथ शुरू हो रहा है। यह रोलआउट एयरटेल की लंबे समय तक चलने वाली 5जी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इससे नेटवर्क के साथ ही ग्राहकों को नई, विशिष्ट सेवाएँ देने की क्षमता भी बढ़ेगी। एरिक्सन के दक्षिणपूर्व एशिया, ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेस विसेंते कहते हैं वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप में, एरिक्सन भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए पटेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारती एयरटेल के नेटवर्क को 5जी स्टैंडअलोन के लिए तैयार करने और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एरिक्सन का डुअल मोड वाला 5जी कोर नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित सेवाओं और नेटवर्क एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से राजस्व बढ़ाने में मदद करता है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए नए इनोवेटिव उदाहरण प्रस्तुत होते हैं। इस समझौते के तहत, एरिक्सन अपने सिग्नलिंग कंट्रोलिंग सॉल्यूशन को भारती एयरटेल के नेटवर्क में जोड़ेगा। साथ ही, 5जी स्टैंडअलोन चार्जिंग में सक्षम पॉलिसी सॉल्यूशन भी पेश किए जाएँगे। यह नई क्षमताएँ भारती एयरटेल की 5जी राजस्व बढ़ाने की रणनीति को मज़बूती देंगी, जिससे नए व्यावसायिक मॉडल विकसित करने का रास्ता खुलेगा। एरिक्सन, भारती एयरटेल का एक पुराना कनेक्टिविटी साझेदार है और दोनों के बीच 25 से अधिक वर्षों से घनिष्ठ संबंध हैं। इस दौरान मोबाइल संचार की हर पीढ़ी में साथ काम किया गया है, जिसमें भारती एयरटेल के भारत में पहले 5जी अनुबंध का पुरस्कार भी शामिल है।

# राजू कुमार सिंह ने किया पर्यटन मंत्री का पदभार ग्रहण

**पटना।** गुरुवार को मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन विभाग कार्यालय में राजू कुमार सिंह ने पर्यटन मंत्री पद का पद्भार ग्रहण किया। मंत्री का स्वागत पर्यटन निदेशक सह विशेष सचिव उदयन मिश्रा, प्रबंध निदेशक, राज्य पर्यटन विकास निगम नंदकिशोर सहित विभागीय पदधिकारियों ने किया। कार्यालय कक्ष में पद्भार ग्रहण करने के उपरांत मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र के रूप में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रसिद्ध है। पर्यटकों को परिभ्रमण में किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न न हो, उनकी संख्या लगातार बढ़े, इस हेतु सरकार प्रयत्नशील रहेगी। मैं स्वयं भी जब एक पर्यटक के रूप में कहीं जाता हूं तो मुझे क्या सुविधाएं चाहिए? क्या समस्याएं होती है? क्या मूलभूत आवश्यकताएं होती है, इसको ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग को बेहतर बनाने का काम करेंगे। पर्यटन विभाग लगातार इस दिशा में कार्यशील भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रगति यात्रा के मध्य पर्यटन विभाग से जुड़ी बहुत सारी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, उन सभी योजनाओं को ससमय शुरू कर उसे यथाशीघ्र पूर्ण करने की जिम्मेवारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी विदेशों में कई साल तक अध्ययन के क्रम में निवास किया हूं, उस दौरान वैश्चिक पर्यटन को नजदीक से जाना और समझा हूं, उस अनुभव को राज्य में पर्यटन विभाग के कार्यों की बेहतरी के लिए उपयोग में लाऊंगा। उन्होंने कहा कि यह आम धारणा है कि बिहार में पर्यटक कम आते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। गत वर्ष ही करोड़ो पर्यटक बिहार पहुंचे थे। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आज राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटक रूक कर सुखद अनुभूति महसूस कर रहे हैं। पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटकों की बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा, सहयोग एवं यात्रा परिभ्रमण आनंदमय हो, इस दिशा में पर्यटन विभाग लगातार प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर विभागीय पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भारत में पेंशन एयूएम 2030 तक बढ़कर 118 ट्रिलियन रुपये हो जाएगा

नई सोच एक्सप्रेस

» डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स की रिपोर्ट

**पटना।** डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स ने अपनी रिपोर्ट में भारत में पेंशन प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में उल्लेखनीय वृद्धि की भविष्यवाणी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक कुल एयूएम118 ट्रिलियन रुपये तक वृध्दी का अनुमान लगाया है और जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का योगदान कुल राशी के लगभग 25 प्रतिशत होगा। यह वृद्धि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसके परिणामस्वरूप होने वाले प्रभावों के आधार पर अनुमानित की गई है। रिपोर्ट के बारे में टिप्पणी करते हुए डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स के सीईओ राहुल भगत ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत में पेंशन बाजार तेजी से विकास के कगार पर है। सही नीतियों और बढ़ती जागरूकता के साथ, इस बाजार में नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य अनलॉक करने की क्षमता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी मजबूत निवेश प्रक्रिया हमें इस क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने में मदद करेगी। हमें उम्मीद है कि अगले 5 वर्षों में हम इस उद्योग में शीर्ष 5 कंपनियों में शामिल हो जाएंगे। हमने जो अनुमान व्यक्त किए हैं, वे दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति योजना के महत्व और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में एनपीएस की भूमिका पर प्रकाश डालते हैं। भारत में वृद्धोंकी आबादी 2050 तक 2.5 गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, सेवानिवृत्ति के बाद जीवन प्रत्याशा औसतन 20 वर्ष तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में भारत में पेंशन बाजार का ज्यादा विस्तार नहीं हुआ है। इस बाजार का वर्तमान आकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 3 प्रतिशत है। सेवानिवृत्ति बचत अंतर में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है और जो 2050 तक अनुमानतः 96 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चूंकि पिछले दशक में नकदी और बैंक जमा पर भारतीयों की निर्भरता 62 प्रतिशत से घटकर 44 प्रतिशत हो गई है। इससे ये सुचित होता है की भारत में रिटेल निवेशक तेजी से पारंपरिक बचत विधियों से बाजार से जुड़े निवेश साधनों की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में, एनपीएस के निजी क्षेत्र के एयूएम में 26.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय दर से वार्षिक वृद्धि हुई है, जो 84,814 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,78,102 करोड़ रुपये हो गयी है। वित्तीय वर्ष 2020 से 2024 तक नए पंजीकरणों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें पुरुष सदस्यों में 65 प्रतिशत और महिला सदस्यों में 119 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2024 में शुरू की गई एनपीएस वात्सल्य योजना को शानदार प्रतिसाद मिला है। इस योजना से 86,000 से अधिक सदस्य्य जुड़े हैं। भविष्य की ओर देखते हुए, एनपीएस में निजी क्षेत्र की एयूएम अगले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ 9,12,000 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कर सुधार, पुरानी और नई कर व्यवस्थाओं में एनपीएस को शामिल करना, एनपीएस वात्सल्य में योगदान करने वाले माता-पिता के लिए कर रियायत लाभ, सरकारी कर्मचारियों द्वारा निजी क्षेत्र के फंड प्रबंधकों के मार्गदर्शन को स्वीकार करना, युवा पीढ़ी (20-30 आयु वर्ग) द्वारा एनपीएस के प्रति बढ़ती प्राथमिकता, और फंड प्रबंधन में प्रौद्योगिकी और एआई का एकीकरण इस वृद्धि के पीछे प्रमुख कारक रहे हैं।

# एमजी कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म हुई लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस



**पूर्णिया।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट इवी के पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश किया है। यह नई पेशकश भारत की इस स्ट्रीट-स्मार्ट इवी को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाती है। 7.80 लाख रुपए प्लस बैटरी रेंटल 2.5 रुपए/किमी. की एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च की गई कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को टॉप वैरिएंट के रूप में पेश किया गया है। वे ग्राहक जिन्हें शहरी आवाजाही के लिए स्टाइलिश और तकनीक से भरपूर कार की तलाश थी, अब वे अपनी नजदीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर 11,000 रुपए का भुगतान कर नई एमजी कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को बुक कर सकते हैं। कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म अपने 'स्टेरी ब्लैक' एक्सटीरियर के साथ खूबसूरती और स्टाइल का एहसास कराती है, इसके साथ यह कार और भी आकर्षक बन जाती है। इसके इंटीरियर को भी ब्लैक थीम के साथ पेश किया गया है। इसकी लेदरेट सीटों पर लाल रंग से 'ब्लैकस्टॉर्म' शब्द की कढ़ाई की गई है। इससे यह कार और भी प्रीमियम लुक में दिखाई देती है। संगीत प्रेमियों के लिए, कंपनी ने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को 4 स्पीकर के साथ पेश किया है। इस नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, "आज के आधुनिक भारतीय ग्राहक एक ऐसी कार की तलाश कर रहे हैं जो न सिर्फ बेहद खास हो, बल्कि उसमें उनके व्यक्तित्व की भी झलक दिखाई देती हो। आज के ग्राहक बोल्ड रंगों को पसंद कर रहे हैं। ये रंग उन्हें दूसरों से अलग बनाते हैं, साथ ही उनकी यही पसंद दूसरों से अलग दिखाई पड़ती है।

# सेवा का अनोखा कीर्तिमानः अदाणी-इस्कॉन ने महाकुंभ में 50 लाख लोगों में बांटा 11 लाख किलो महाप्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस

» अदाणी- इस्कॉन ने 50 लाख श्रद्धालुओं को बांटा महाप्रसाद 2.5 लाख किलो सब्जियों और 33 हजार लीटर देसी घी की हुई खपत
» 3 लाख किलो चावल और 1 लाख 75 हजार किलो आटे से बना महाप्रसाद
» दाल की खपत हुई 2 लाख 25 हजार किलो
» अदाणी-इस्कॉन की टीम ने महाकुंभ में सेवा में लगाए 36 लाख काम के घंटे

**गोड्डा।** महाशिवरात्रि पर्व पर संगम में स्नान के साथ ही साल का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ समाप्त हो गया। यह आयोजन कई मायने में एतिहासिक रहा। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने प्रयागराज की यात्रा की और इसके चलते कई कीर्तिमान बने। एक अनुमान के मुताबिक महाकुंभ में तकरीबन 60 करोड़ लोगों ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुंभ में एक और कीर्तिमान स्थापित हुआ। वह है किसी भी धार्मिक आयोजन में सबसे अधिक लोगों में मुफ्त महाप्रसाद के वितरण का। यह अनोखा कीर्तिमान अदाणी समूह और इस्कॉन ने मिलकर स्थापित किया है।



**50 लाख श्रद्धालुओं में बांटा गया 11 लाख किलो महाप्रसाद**-इस्कॉन के प्रवक्ता के मुताबिक महाकुंभ के दौरान 50 लाख श्रद्धालुओं में 11 लाख किलो महाप्रसाद का वितरण किया गया। यह दुनिया के किसी भी धार्मिक आयोजन में मुफ्त वितरित भोजन का कीर्तिमान है। बता दें कि महाकुंभ 2025 में अदाणी समूह और इस्कॉन ने महाकुंभ श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाथ मिलाया था। अदाणी समूह की तरफ से प्रतिदिन 1 लाख लोगों में महाप्रसाद के वितरण का संकल्प लिया गया था। महाकुंभ में 50 लाख लोगों को मुफ्त महाप्रसाद वितरित किया गया।

**3 लाख किलो चावल और 2 लाख किलो से ज्यादा दाल की खपत**-इस्कॉन प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन के दौरान भारी मात्रा में खानपान की सामाग्री की खपत हुई। प्रवक्ता के मुताबिक महाप्रसाद को बनाने में ढाई लाख किलो सब्जी, 2 लाख 25 हजार किलो दाल, 3 लाख किलो चावल और 2 लाख 25 हजार किलो दाल की खपत हुई। इसके अलावा 1 लाख 75 हजार किलो आटे और 33 हजार लीटर देसी घी का इस्तेमाल भी किया गया। इसमें से ज्यादातर सामान प्रयागराज के लोकल व्यापारियों से ही खरीदा गया जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।

**सेवा में लगाए लाखों घंटे**-इस्कॉन के प्रवक्ता ने बताया कि इस सेवाकार्य में स्वंम सेवकों ने 36 लाख काम के घंटे लगाए। सेवा करने वालों में देश-विदेश से लोग आए और उन्होंने प्रसाद निर्माण और वितरण की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इसमें अदाणी समूह के वे 5000 कर्मचारी भी शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ में आकर श्रद्धालुओं की सेवा की। अदाणी समूह ने अपने कर्मचारियों को कुंभ में जाकर सेवा करने का अनुपम मौका दिया था। 5000 कर्मचारियों ने महाकुंभ में जाकर अपनी सेवाएं दीं। समूह इसे अपने कर्मचारियों के बीच सेवाभाव विकसित करने के एक मौके की तरह देखता है। इस बार अदाणी समूह की तरफ से महाकुंभ में व्यापक स्तर पर सहयोग एवं सेवा देखने को मिली। समूह ने इस्कॉन के अलावा देश के सबसे पुराने धार्मिक एवं आध्यात्मिक प्रकाशन गीताप्रेस गोरखपुर से हाथ मिलाया। गीताप्रेस के साथ मिलकर अदाणी समूह ने 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण लिया था। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने 21 जनवरी 2025 को अपने परिवार के साथ इस्कॉन में प्रसाद सेवा एवं आरती संग्रह वितरण में हिस्सा लिया।

# दिल्ली, झारखंड की सरकार महिलाओं को 2500 रूपये सहायता राशि दे सकती है तो बिहार सरकार क्यों नहीं- सुरेंद्र प्रसाद सिंह

## नुक्कड़ सभा कर 2 मार्च को पटना महाजुटान रैली में भाग लेने का किया आह्वान

नई सोच एक्सप्रेस

» पटना महाजुटान रैली में ताजपुर से होगी बड़ी भागीदारी - प्रभात रंजन गुप्ता
» दिल्ली-झारखंड की तरह बिहार में भी फ्री बिजली-पानी, पेंशन में बढ़ोतरी, महिला के खाते में नगद राशि आदि लाभ मिले- प्रमोद साह

**समस्तीपुर/ताजपुर।** 2 मार्च को भाकपा माले द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित बदलो बिहार महाजुटान रैली को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के फतेहपुर, मौलानाचक, कालीपोखर आदि क्षेत्रों में गुरुवार को नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों से अपने हक-अधिकारों को लेकर बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। सभा की अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह ने की। संचालन भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य प्रभात रंजन गुप्ता ने किया। ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, मो० एजाज, राजदेव प्रसाद सिंह, सुलेखा कुमारी, चंद्रशेखर कुमार, प्रमोद साह, अंतोष कुमार आदि ने सभा को संबोधित किया। बतौर मुख्य वक्ता सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार में वृद्धावस्था, मोसमाती एवं दिव्यांग पेंशन 3 हजार रूपए करने, राशन के चावल-गेहूं के साथ दाल, तेल, चीनी आदि देने, स्कीम वर्कर्स को



राज्य कर्मी का दर्जा देने, रसोई गैस की कीमत 5 सौ रूपये करने, सभी गरीबों को 72 हजार रुपए से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने एवं मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का 2-2 लाख रूपये देने, दिल्ली-झारखंड के तर्ज पर महिलाओं के खाता में 3-3 हजार रूपये देने, भूमिहीनों को वासभूमि एवं आवास देने, खाली पदों पर बहाली करने, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने समेत अन्य मांगों को लेकर 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले के बदलो बिहार महाजुटान रैली को बड़ी भागीदारी से सफल बनाने की अपील ताजपुर वासियों से की।

# मानदेय भुगतान को लेकर पंप आपरेटर ने प्रखंड कार्यालय समक्ष किया प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** नल जल का पंप आपरेट अनुरक्षकों को पिछले चार वर्षों से मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित पंप आपरेटरों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचकर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मानदेय भुगतान करने की मांग की है। प्रदर्शन का नेतृत्व पंप आपरेटर वापी पांडे कर रहे थे। इस अवसर पर समाजसेवी जदयू के वरिष्ठ नेता रोशन अग्रवाल मौजूद रहे। इस संबंध में बापी पांडे ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर पीएचईडी कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक गये है। मौके पर रौशन अग्रवाल ने उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि बिना मानदेय का उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से सभी आपरेटरों का पिछले चार वर्षों का बकाया मानदेय को व्याज के साथ विभागीय



गाइड लाइन के अनुरूप भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने के कहाँ कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी एवं संवेदक की मिलीभगत से मानदेय भुगतान मे विलम्ब हो रहा है। विभाग के अभियंता सिर्फ बाहनाबाजी एवं टालमटोल कर रहे है। मौके पर दिलीप यादव, प्रदीप सरकार उर्फ़ बापी सरकार मजिबूर रहमान, माणस गोश्वमी, मंटू चंद्र दास, आसीत घोष उर्फ़ लालू घोष, राजबुल बारीक़, सत्यनारायण दास,, मंजूर आलम, रिजाउल, बारिक, सत्यनारायण दास, शहीद अनवर, उमाकांत दास, हारून रशिद, सादिक अनवर, पंचम यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# गोदरेज का ऊर्जा समाधान व्यवसाय भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और डेटा सेंटर विकास के में निभा रहा है उत्प्रेरक की भूमिका

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारत ऊर्जा और डिजिटल बुनियादी ढांचे में तेज़ी से बदलाव दर्ज कर रहा है। यहां प्रमुख शहरों में डेटा सेंटर क्षमता में सालाना 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वहनीय ऊर्जा समाधानों राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान दिया जा रहा है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के ऊर्जा समाधान व्यवसाय ने इस बदलाव में योगदान करते हुए वित्त वर्ष 25 के लिए 2,400 करोड़ से अधिक का एक शानदार ऑर्डर बुक हासिल किया है, जो इसे विशेष रूप से 400केवी और 765 केवी खंड में स्वच्छ ऊर्जा बिजली ट्रांसमिशन में इसके नेतृत्व को दृढ़ता प्रदान करता है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एनर्जी सॉल्यूशंस बिजनेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, श्री राघवेंद्र मिर्जी ने कहा, भारत का ऊर्जा परिदृश्य ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है, जो वहनीयता



और आत्मनिर्भरता की तत्काल आवश्यकता से प्रेरित है। राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध एक घरेलू समूह के रूप में, हम अत्याधुनिक, उच्च क्षमता वाले ट्रांसमिशन समाधानों के साथ देश के बिजली के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। हमारा 765 केवी वाले अग्रणी प्रतिष्ठानों का सफल निष्पादन करना न केवल हमारी तकनीकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत के लचीले, हरित ऊर्जा भविष्य में संक्रमण को सक्षम करने में हमारी भूमिका को भी दर्शाता है। कंपनी ने 80 से अधिक सबस्टेशन सफलतापूर्वक चालू किए हैं और 765 केवी तक की 300 किलोमीटर से अधिक ट्रांसमिशन लाइनें बिछाई हैं। इन प्रयासों को पूरा करते हुए, यह व्यवसाय ऊर्जा-कुशल समाधान प्रदान कर भारत के डेटा सेंटर के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो वहनीयता के लक्ष्यों के अनुरूप हैं। अगले तीन साल में, इसका लक्ष्य 2,000 करोड़ की आय वृद्धि हासिल करना है, जिससे भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में और तेज़ी आएगी और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार को समर्थन मिलेगा।

# कटिहार के दो शिक्षकों को बेहतर कार्य केलिए दिया गया मासिक शिक्षक सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** जनवरी माह में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य केलिए कटिहार के दो शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा मासिक शिक्षक पुरस्कार दिया गया है।मध्य विद्यालय अरिहाना,आजमनगर में पदस्थापित विप्लव कुमार एवं प्राथमिक विद्यालय मंडल टोला नूनगरा,कदवा को यह पुरस्कार दिया गया है। दोनों शिक्षकों को अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग एवं निदेशक,शिक्षा विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र भेजा गया है। विदित हो कि शिक्षक विप्लव कुमार को बेहतर शिक्षण कार्य केलिए पूर्व में शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मान मिल चुका है।इसके अलावा वर्ष 2023 में टीचर्स ऑफ बिहार एवं एससीइआरटी,पटना द्वारा संयुक्त रूप से प्रज्ञा अवार्ड भी मिल चुका है।विप्लव कुमार शिक्षा



में नवाचार एवं रोचक तकनीक के प्रयोग को लेकर जाने जाते है।विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक माहौल बेहतर करने में उनका कार्य सराहनीय है।उनको सम्मान मिलने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आजमनगर सुधीर कुमार,प्रधानाध्यापक रंजन कुमार विश्वास,लेखापाल उमेश कुमार,शिक्षक नूरुल हौदा,नूर आलम,हरिओम कुमार सिंह आदि



ने बधाई दी है।वहीं शिक्षक प्रेम कुमार परदेशी का विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने में सराहनीय योगदान है।विप्लव कुमार ने कहा कि उन्हें टीचर्स ऑफ बिहार समूह से प्रेरणा मिलती है।इस सम्मान के बाद बच्चों के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ गई है। दोनों शिक्षकों को सम्मान मिलने पर राजकीय सम्मान प्राप्त शिक्षक मृत्युंजयम,नवनीत कुंवर,वीरेंद्र सिंह,प्रणव ज्योति आदि शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है।

# रेसीप्रोकल टैरिफ से भारत भी प्रभावित

एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन देशों में भारत भी एक है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगाह किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें भारत भी है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। वियतनाम, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका से अधिक जुड़ी हुई हैं। भारत और जापान की घरेलू अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, इससे ये दोनों एक हद तक ट्रंप के टैरिफ की मार को झेल जाएंगे। मगर दोनों देशों के लिए अमेरिका वह स्थल है, जहां उनके निर्यात की बड़ी मात्रा जाती है। जिन चंद बड़े देशों के साथ कारोबार में भारत व्यापार लाभ की स्थिति में है, उनमें अमेरिका प्रमुख है। वरना, चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ता चला गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से भारत 101 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका होगा, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक भारत से चीन को हुआ कुल निर्यात 14.85 बिलियन डॉलर का ही था। साल भर पहले से तुलना करें, तो इसमें डेढ़ बिलियन डॉलर से भी कम की बढ़ोतरी हुई। ऐसे में अमेरिकी बाजार से होने वाले व्यापार लाभ का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अब ट्रंप ने समान मात्रा में आयात शुल्क लगाने का फैसला कर इस लाभ को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया है। आशंका है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तु एवं सेवाएं महंगी हो जाएंगी, नतीजतन इनका उपभोग वहां घट सकता है। इससे निर्यात में गिरावट आएगी। डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश होने के नाते भारतीय निर्यात को विशेष सुविधा मिली रही है।

# सीएजी की रिपोर्ट ने केजरीवाल की पोल खोल दी



आरती कुमारी

अन्ना आंदोलन के दौरान केजरीवाल ने कैग की रिपोर्ट का हवाला देकर ही कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे । केजरीवाल कहते थे कि वो जब सत्ता में आएंगे तो इस रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करेंगे । इस रिपोर्ट को आधार बनाकर ही अन्ना आंदोलन के दौरान लोकपाल कानून बनाने की मांग कीजा रही थी। कैसी विडम्बना है कि दिल्लीमें अपनी सरकार की कैग रिपोर्ट को केजरीवाल सरकार दबाकर बैठी हुई थी। दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा की राज्य सरकार ने अपने पहले ही विधानसभा अधिवेशन में यह रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। वैसे भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया अपना वादा पूरा किया है। केजरीवाल चिल्ला-चिल्ला कर बोल रहे थे कि मोदी उनसे डरते हैं इसलिये झूठा केस बनाकर उन्हें जेल में डाल दिया है जबकि सच्चाई यह है कि उन्हें अदालत ने जेल में डाला था और अदालत ने ही जमानत दी थी । कैग की रिपोर्ट ने साबित कर दिया है कि केजरीवाल सरकार ने अपने शासन में पूरी मनमानी करते हुए जनता के पैसों का दुरुपयोग किया है और इसके अलावा जबरदस्त तरीके से जनता के पैसे की चोरी की है। सवाल यह पैदा होता है कि केजरीवाल ऐसी हिम्मत कहाँ से लाये जो वो सरेआम देश की जनता को धोखा देते रहे और साथ-साथ कट्टर ईमानदार होने का ढिंढोरा भी पीटते रहे । कमाल की बात तो यह है कि वो न केवल खुद को कट्टर ईमानदार घोषित करते रहे बल्कि अपने साथियों को भी कट्टर ईमानदार और कट्टर देशभक्त होने का सर्टिफिकेट बांटते रहे । उन्होंने कई बात यह मांग की कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल के लिए मनीष सिसोदिया को और दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सत्येंद्र जैन को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाना चाहिए । उनका बस चलता तो वो खुद को भारत रत्न दे देते लेकिन वो उनके हाथ में नहीं था । केजरीवाल अपने नेताओं को राजा हरिश्चंद्र से ज्यादा ईमानदार और शहीद भगत सिंह से ज्यादा बड़ा देशभक्त बताते थे । आज दिल्ली सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट से पता चलता है कि जिस दिल्ली मॉडल का ढिंढोरा वो पूरी दुनिया में पीट रहे थे, वो कितना खोखला है । वास्तव में केजरीवाल अपने झूठ की फैक्ट्री इसलिए चलाते रहे क्योंकि उन्होंने दिल्ली सरकार के विज्ञापनों के माध्यम से करोड़ो रूपये मीडिया पर लुटा दिए थे। विज्ञापनों से होने वाली कमाई बंद होने के डर से देश का मीडिया उनके खिलाफ खबरें नहीं दिखाता था लेकिन इसके बावजूद वो मीडिया में अपने खबरें रोक नहीं पाये । केजरीवाल सोचते थे कि वो कुछ भी करें लेकिन देश का मीडिया जब उनकी खबरें नहीं दिखायेगा तो जनता को उनके घोटालों का पता नहीं चलेगा । जो पार्टी पारदर्शिता की दुहाई देती थी, उसकी सरकार ने सीएजी की रिपोर्ट को दबाकर रखा ताकि जनता तक उसकी सच्चाई नहीं पहुंच सके । संविधान की बात करने वाली पार्टी कैग जैसी संवैधानिक संस्था से बचती रही । केजरीवाल राजनीति को बदलने आये थे और उन्होंने राजनीति को ऐसे बदला कि वो खुद को दिल्ली का मालिक मानने लगे । वो भूल गये कि लोकतंत्र में सिर्फ जनता मालिक होती है, इसलिए 2025 के चुनाव में जनता ने उनकी सही जगह उन्हें दिखा दी है । खुद को दिल्ली का मालिक समझने वाले केजरीवाल सोचते थे कि वो कुछ भी कर सकते हैं जबकि दिल्ली तो पूरा राज्य भी नहीं है । हमारे संविधान में ऐसी कई व्यवस्थाएं हैं जिनके कारण कोई भी सरकार पूर्ण रूप से मनमानी नहीं कर सकती लेकिन केजरीवाल ऐसा करने की कोशिश करते रहे । 2024 के लोकसभा चुनाव में केजरीवाल ने जनता से कहा कि अगर वो उन्हें दिल्ली की लोकसभा की सभी सात सीटों पर जीत दिला देती है तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा लेकिन दिल्ली की जनता ने उन्हें एक भी सीट नहीं दी । इससे स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली की जनता ने तो उन्हें 2024 में ही जेल जाने के लिए छोड़ दिया था । सीएजी की रिपोर्ट पेश करने पर आम आदमी पार्टी ने विधानसभा में जबरदस्त हंगामा किया है जिसके कारण स्पीकर को इस पार्टी के 21 विधायकों को सदन से निलंबित करना पड़ा है । मतलब साफ है कि आम आदमी पार्टी अभी भी इस रिपोर्ट को देश के सामने नहीं आने देना चाहती है । सीएजी रिपोर्ट में कुछ ऐसी बातें हैं कि अगर सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करती है तो उन्हें लंबी अवधि के लिए जेल जाना पड़ सकता है । शराब नीति के कारण दिल्ली सरकार को 2000 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि हुई है क्योंकि सरकार ने इस नीति में जबरदस्त तरीके से मनमानियां की हैं । शराब नीति बनाने से पहले विशेषज्ञों की सलाह ली गई लेकिन उन्हें माना नहीं गया । जिन कंपनियों की शिकायत थी और घाटे में चल रही थी, उन्हें लाइसेंस दे दिये गये । कई बड़े फैसलों पर कैबिनेट और एलजी की मंजूरी नहीं ली गई और शराब नीति के नियमों को विधानसभा में पेश नहीं किया गया । कोविड के नाम पर बिना किसी जरूरत के 144 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस माफ कर दी गई । जहां शराब की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं थी, वहां भी दुकानें खोल दी गई । जिस मोहल्ला क्लीनिक की सफलता का केजरीवाल पूरी दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे थे, उसकी सच्चाई भी कैग रिपोर्ट ने देश के सामने रख दी है । रिपोर्ट कहती है कि 218 में से 41 मोहल्ला क्लिनिक स्टाफ की कमी के कारण 15 से 23 दिन तक बंद रहते थे । 2017 तक 1000 मोहल्ला क्लीनिक खोलने का दावा करने वाली सरकार ने 31 मार्च 2023 तक सिर्फ 523 मोहल्ला क्लीनिक ही खोले थे । कैग रिपोर्ट कहती है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मोहल्ला क्लीनिकों में बुनियादी चिकित्सा उपकरणों जैसे बीपी मॉनिटरिंग,पल्स ऑक्सीमीटर, ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर, एक्सरे व्यूवर आदि की कमी पाई गई । 74 मोहल्ला क्लीनिकों में आवश्यक दवाएं भी नहीं थी । अक्टूबर, 2022 से मार्च 2023 की अवधि के दौरान मोहल्ला क्लीनिक में आने वाले 70 प्रतिशत मरीजों को देखने में एक मिनट से भी कम समय लगा । आप स्वयं विचार कीजिए कि एक डॉक्टर कैसे एक मरीज को एक मिनट से भी कम समय में देखकर दवा लिख सकता है । इसका मतलब साफ है कि मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर जनता को मूर्ख बनाया गया है । बिना थर्मामीटर के मरीज का बुखार कैसे चेक किया गया होगा । अजीब बात है कि जिन मोहल्ला क्लीनिकों में आवश्यक सुविधाएं तक नहीं थी, उनका पूरी दुनिया में प्रचार किया गया । केजरीवाल के मुख्यमंत्री निवास जिसे शीश महल की संज्ञा दी गई, उनको लेकर कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली लोक निर्माण विभाग ने बंगले का दायरा 1397 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 1905 वर्ग मीटर कर दिया । बंगले की निर्माण लागत अनुमान राशि से 342 प्रतिशत ज्यादा हो गई । इसका मतलब है कि केजरीवाल सरकार ने बंगले पर अनुमान से साढ़े तीन गुना ज्यादा राशि खर्च कर दी । बड़ी हैरानी की बात है कि टेंडर राशि से 290 प्रतिशत ज्यादा राशि का भुगतान कर दिया गया । मैं स्वयं सीपीडब्ल्यूडी में काम कर चुका हूं इसलिए मेरे लिए ज्यादा हैरानी की बात है कि ये कैसे हो सकता है । टेंडर राशि से 15-20 प्रतिशत ज्यादा राशि खर्च की जा सकती है लेकिन 290 प्रतिशत तो संभव ही नहीं है । इसी प्रकार अनुमानित राशि से ज्यादा से ज्यादा डेढ़ गुना खर्च होते मैंने देखा है लेकिन साढ़े तीन गुना तो संभव ही नहीं है । इसका मतलब साफ है कि इस मामले में केजरीवाल ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों के साथ मिलकर जबरदस्त घोटाला किया है । nइस रिपोर्ट में इतना कुछ है कि एक लेख में लिखना संभव नहीं है लेकिन आम आदमी पार्टी इस रिपोर्ट को भी झुठलाने की कोशिश करने वाली है । दिल्ली में भाजपा सरकार को बने सिर्फ एक सप्ताह हुए हैं लेकिन आम आदमी पार्टी शोर मचा रही है कि दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये कब दिये जायेंगे जबकि पंजाब में उनकी सरकार बने तीन साल बीत चुके हैं लेकिन महिलाओं को 1000 रुपये देने वाली बात पर यह पार्टी चुप है । भाजपा सरकार केजरीवाल और उसके नेताओं को कोई रियायत देने वाली नहीं है । आने वाले समय में आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपने किये कारनामों का भुगतान करना होगा । दिल्ली सरकार के हर विभाग में घोटालों की खबरें आ रही है और भाजपा सरकार इनकी जांच करने वाली है । केजरीवाल और उनके साथियों के लिए आने वाला समय चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है ।

## सूडोकू नवताल- 7355

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -7354 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

# ललचाई नजरों से मांसाहार के लिए आतुर

रजनीश कपूर

आप सभी के भी ऐसे दोस्त व रिश्तेदार होंगे जो किसी शादी या नये साल के दावत में चिकन-मटन न मिलने पर ऐसा कहते हों,'क्या घास-कूड़ा खिला दिया। औसत दर्जे के लोग बटर चिकन, कढ़ाई चिकन, बोनलेस चिकन, चिकन कोफ्ता, मुर्गा दो प्याजा या मटन की तमाम किस्में खाते हैं। वरना भुना मुर्गा लार टपका कर निगल जाते हैं। जो जरा ज्यादा फैशनेबल हैं उनको सुबह नाश्ते में सासेज, सलामी आदि खाने की आदत पड़ जाती है, लंच में चिकन, लैम्ब सूप या प्रॉन (झींगा) वगैरह। डिनर में लॉबस्टर, फिश या कोई और चीनी या समुद्री खाना। भारत के सभी महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस ललचाई नजरों से लोग मांसाहार के लिए आतुर रहते हैं। जिनके पास साधन हैं वो यह सारी वस्तुएं आयातित मांस से पकाते हैं या पांच सितारा होटलों में ही खाते हैं। वरना दिल्ली के कनॉट पैलेस व अन्य इलाकों में कई रेस्टोरेंट व ढाबे हर शहर और राजमार्ग पर बिखरे पड़े हैं जहां सलाखों में मुगरे की मसाला लगी टांगे टंगी रहती हैं। पर अब जरा दूसरी तरफ देखिए अगर आप देश के बहुत ही संपन्न लोगों की संगति में बैठे हों तो आप पाएंगे कि बहुत से बड़े लोग मांसाहार छोड़ते जा रहे हैं। और तो और अमेरिका और यूरोप के देश जहां दस वर्ष पहले तक शाकाहार का नाम तक नहीं जानते थे, लेकिन आज काफी तादाद में मांसाहार पूरी तरह छोड़ चुके हैं। जानते हैं क्यों? पहली बात तो यह कि मानव शरीर शाकाहार के लिए बना है मांसाहार के लिए नहीं। यह बात हम अपनी तुलना शाकाहारी और मांसाहारी पशुओं से करने पर समझ सकते हैं। शेर, कुत्ता, घड़ियाल व भेडिय़ा मांसाहारी हैं। गाय, बकरी, बंदर व खरगोश शाकाहारी हैं। मांसाहारी पशुओं को कुदरत ने दोनों जबड़ों में तेज नुकीले कीलनुमा दांत और खतरनाक पंजे दिए हैं। पर गाय और बंदर की ही तरह मानव को कुदरत ने ऐसे दांतों और पंजों से वंचित रखा है, क्यों? मांसाहारी पशु जैसे कुत्ता जीभ से पसीना टपकाता है। इसलिए हांफता रहता है। शाकाहारी पशुओं और मानव के बदन से पसीना टपकता है। मांसाहारी पशुओं की आंतें काफी छोटी होती है ताकि मांस जल्दी ही पखाने के रास्ते बाहर निकल जाए जबकि शाकाहारी जानवरों और मानव की आंतें अनुपात में तीन गुनी बड़ी और ज्यादा घुमावदार होती है ताकि अन्न, फल, सब्जियों का रसा अच्छी तरह सोख ले। यदि आप मांसाहारी है तो आपने नोट किया होगा कि फ्रिज के निचले खाने में इतनी ठंडक होने के बावजूद मांस कुछ ही घंटों में सडऩे लगता है। फिर मानव शरीर की गर्मी में मांस के आंत में अटक-अटक चलने में इसकी क्या गति होती होगी, कभी सोचा आपने ? आपने कभी सड़क पर कुचला कुत्ता देखा है कितनी सी देर में उसमें से बदबू आने लगती है तो क्या हमारी आंत में पड़ा मांस तरोताजा बना रहता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मांसाहारी पशुओं के आमाशय में जो तेजाब रिसता है वह शाकाहारी पशुओं और मानव के आमाशय में रिसने वाले तेजाब से बीस गुना ज्यादा तीखा होता है, ताकि मांस जल्दी गला सके। ऐसे तेजाब के अभाव में हमारे आमाशय में पड़े मांस की क्या हालत होती होगी? भारत जैसे देश में, बहुसंख्यक आबादी किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पल रही हैं, तो जो जानवर काटे जा रहे हैं उनके वातावरण, भोजन और रखरखाव में जो नर्क से बदतर जिंदगी होती है, उससे कैसा मांस आप तक पहुंचता है? फिर आप तो जानते हैं कि भारत में कितना भ्रष्टाचार है। जिन भी इंस्पेक्टरों की ड्यूटी कसाईखानों में लगी होती है उनसे क्या आप राजा हरिशचंद्र होने की उम्मीद कर सकते हैं? या वक्त के साथ चलने वाला होशियार आदमी। कई बरस पहले दिल्ली के पांच सितारा होटल में पोषण विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। वहां दोपहर के भोजन के समय शोर मच गया। दुनिया भर से आए पोषण विशेषज्ञ डाक्टरों ने कहा कि लंच में जो मुर्गे परोसे गए वे सड़े हुए हैं। होटल के महाप्रबंधक तक खबर पहुंची। फौरन दौड़े-दोड़े बैंक्वट हॉल में आए। आयोजकों से माफी मांगी। सरकारी नौकरी चले जाने का हवाला देकर खुशामद की। समझौता हुआ कि लंच का जो बीस-तीस हजार रुपये का बिल बना था वो माफ हो जाएगा। तभी होटल वालों को पता चला कि वहां डाक्टरों की भीड़ में एक संवाददाता भी मौजूद था। घबराए हुए वे उस पत्रकार के पास आए और गिडिग़ड़ा कर कहने लगे कि ये खबर मत छापिएगा। लालच देने लगे कि आपके शादी में पचास फीसद बिल माफ कर देंगे। जब उसी पत्रकार ने इस पर तहकीकात की तो पता चला कि आमतौर पर कमीशन के चक्कर में सबसे सड़े, बासी और बेकार मुर्गे वहां और कई बड़े होटलों में खरीदे जाते हैं। कुछ समय बाद खबर छपी। 'पोषण विशेषज्ञों को पांच सितारा होटल ने सड़े मुर्गे परोसे।




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बनी हुई है। परिवार के लोगों में समझ बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते हैं। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में किसी प्रकार की बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। आज आपका मन पूजा पाठ में लगेगा, किसी धर्म स्थल पर भी जा सकते हैं।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए बदलाव लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आज आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं। आज आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें, रिश्ता मजबूत बना रहेगा। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने दूसरे शहर जा सकते हैं। मीटिंग आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को कहीं घुमाने ले जाएंगे। आज आप किसी पूरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज आपके अन्दर कार्यों को लेकर कॉन्फिडेंस बना रहेगा।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास बनाये रखें, जिससे मुश्किल परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

**तुला राशि-** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधित आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट और फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात बनते हुए कार्यों में समस्या ला सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। आज आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है लेकिन अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जाएगा।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कार्यों से आज आपको फायदा होगा। आज समाज में आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा, उत्साह के साथ कार्यों को करेंगे तो अवश्य पूरा होगा। आज आपकी रूचि धार्मिक कार्यों में रहेगी।

# जर्मनी की नई सरकार के साथ नए संबंध बनाने की भारत को पहल करनी होगी

अशोक भाटिया , मुंबई

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज आम चुनाव हार गए हैं। उनकी सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी 630 सीटों में से सिर्फ 121 सीटें ही जीत पाई है। उसे सिर्फ 16.5% वोट ही मिले हैं। चांसलर शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली है। उनकी पार्टी चुनावी नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी के गठबंधन ने 208 सीटों पर जीत दर्ज की है। उसे 28.5% वोट हासिल हुए हैं।चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी जीत कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी को मिली है। इस पार्टी को 151 सीटों पर जीत मिली है। पार्टी को 20.8% वोट मिले हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जर्मनी में किसी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी पार्टी ने इतनी सीटें जीती हैं।जर्मनी में बहुमत के लिए 315 सीटें चाहिए, और कोई भी पार्टी अकेले यह आंकड़ा छूती नहीं दिख रही। इसलिए गठबंधन सरकार बनना तय माना जा रहा है। जर्मनी में चुनाव में बहुमत के साथ सत्ता में आने के दो साल बाद सात दशक बीत चुके हैं। कम से कम पिछले साठ वर्षों से, जर्मनी एक निरंतर बहुदलीय गठबंधन सरकार का सामना कर रहा है। इस देश में ऐसा कोई नहीं है जो कहता हो कि स्पष्ट बहुमत स्थिरता है और स्थिरता ही प्रगति है, और अगर ऐसा होता भी तो लोगों ने विश्वास नहीं किया होता। हाल के मध्यावधि चुनावों में भी, मतदाताओं ने 'हर किसी को गठबंधन पसंद है' की परंपरा का पालन किया और एक पार्टी को निश्चित बहुमत मिलेगा। नहीं दिया गया। पूरी दुनिया इस चुनाव को देख रही थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि अति-प्रतिगामी नाजी-दक्षिणपंथी, धुर-दक्षिणपंथी ने हाल ही में देश में लहरें बनाई हैं, और इसने जर्मनी में एक सरकार की तस्वीर बनाई है, जैसा कि हंगरी और अन्य यूरोपीय देशों में है, जिसने एक हवा बनाई है कि कट्टरपंथी, नस्लवादी, नस्लवादी अल्टरनेटिव फॉर ड्यूशलैंड (एएफडी) पार्टी को वास्तव में बहुमत मिलता है या नहीं। फ्रांस में मैरी ले पेन की धुर दक्षिणपंथी पार्टी की तरह, यह जर्मनी में बढ़ रही थी। फ्रांस की तरह जर्मनी में भी पार्टी का वोट शेयर बढ़ा. लेकिन वह फिर भी सरकार बनाने से दूर रहेंगे। यह सराहनीय है कि जर्मनों ने, फ्रांसीसी की तरह, यह विवेक दिखाया। एएफडी को लगभग 19 प्रतिशत वोट के साथ दूसरा सबसे बड़ा वोट मिला, और क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी सबसे अधिक, लगभग 29 प्रतिशत वोट के साथ आगे बढ़ी, सीडीयू के फ्रेडरिक मर्ज़ अब नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं – जर्मनी के चांसलर। मर्ज़ एंजेला मर्केल की सीडीयू पार्टी से संबंधित हैं, लेकिन मर्ज़ और मर्केल एक-पार्टी हैं, लेकिन उनका राजनीतिक दर्शन पूरी तरह से समान नहीं है। मर्ज़ आर्थिक विचारों पर मर्केल के साथ संबंध साझा करते हैं लेकिन सांस्कृतिक मुद्दों पर मर्केल से अलग हैं। वह आव्रजन पर मर्केल की तरह उदार नहीं हैं। वह नहीं चाहते कि जर्मनी आप्रवासियों के लिए धर्मशाला बने। देश अप्रवासियों के लिए सभी के लिए एक स्वतंत्र नीति का अनुभव कर रहा है। इसमें बढ़ती बिजली और ईंधन की बढ़ती कीमतें शामिल हैं क्योंकि हम परमाणु ऊर्जा से मुंह मोड़ लेते हैं। इसलिए मर्ज़ विभिन्न नीतियों को लागू करना चाहता है। रूस के बारे में उनकी और मर्केल में जो समानता है, वह है। मर्केल ने अक्सर पुतिन के रूस को घेरा है, और मर्ज़ भी रूस से दूर रहना चाहते हैं। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विरोधी भी हैं, जो रूसी राष्ट्रवादी बन गए हैं। वास्तव में, मर्ज़ की अमेरिकी कंपनी में मृत्यु हो गई। वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली अमेरिकी वित्तीय संस्थानों में से एक, ब्लैकरॉक के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं, लेकिन वह जर्मन हित के मुद्दों पर अमेरिकी नीति के विरोधी हैं और मानते हैं कि ट्रम्प यूरोप समर्थक नहीं हैं। इतना ही नहीं। उन्होंने सबसे पहले जर्मनी को संयुक्त राज्य अमेरिका से दूर ले जाने के बारे में एक बयान दिया और पहली चर्चा परमाणु रक्षा पर ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टारर के साथ हुई। जर्मनी यूरोप की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, उसके बाद फ्रांस है। अमेरिकी नहीं। फिलहाल, इंग्लैंड में लेबर पार्टी की सरकार भी अमेरिका से अलग-थलग रहकर काम करती दिख रही है। ब्रिटेन के स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तरह मर्ज़ भी यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के सख्त विरोधी हैं. चुनाव परिणामों के बाद, मर्ज़ ने रूस के खिलाफ यूक्रेन और ज़ेलेंस्की के लिए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया। इसका मतलब है कि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच की खाई उस दिशा में अधिक से अधिक बढ़ेगी। यह हाल के चुनाव द्वारा लाया गया सबसे बड़ा बदलाव है। ऐसा लगता है कि मर्ज़ की पार्टी AfD को सत्ता से बाहर रखने के लिए सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रेटिक यूनियन के साथ हाथ मिला रही है। कोई विकल्प नहीं है। सांस्कृतिक-राजनीतिक मुद्दों पर, सरकार जन-समर्थक नीतियों को अपनाएगी और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर पुराने मार्ग को अपनाएगी। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जर्मनी, इंग्लैंड और फ्रांस संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्तमान विरोध में हैं। ये नतीजे वैश्विक संबंधों में नए समीकरणों के संकेत दे रहे हैं। इससे पहले जर्मनी ने लंबे समय तक आर्थिक दिक्कतों का सामना 2000 के शुरुआती सालों में किया था. तब चांसलर रहे एसपीडी के गेरहार्ड श्रोएडर ने श्रम बाजारों के विवादित और कल्याणकारी सुधारों को लागू किया था जिनका लक्ष्य विकास को बढ़ावा देना था.तब की तरह वर्तमान में भी जर्मनी पर कुछ विशेषज्ञ "यूरोप के बीमार आदमी" का ठप्पा लगा रहे हैं. जर्मनी का विकास यूरोपीय संघ के दूसरे देशों से फिलहाल कम है. इनमें स्पेन और आयरलैंड जैसे वो देश भी शामिल हैं जिन्हें जर्मन राजनेताओं से अर्थशास्त्र पर व्याख्यान सुनना पड़ता था. विशेष रूप से रक्षा के मुद्दे पर, न केवल जर्मनी; एक पूरे के रूप में यूरोप रक्षा में संयुक्त राज्य अमेरिका के कंधों पर अपने सिर के साथ चुप रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप ने रक्षा पर अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश नहीं की। इसलिए यूरोप में विभिन्न अमेरिकी ठिकानों पर लगभग दस लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, और जर्मनी जैसे देश ने रक्षा तैयारियों के विषय को एक 'विकल्प' के रूप में रखा। यह अब बदल जाएगा, खासकर इंग्लैंड और जर्मनी दोनों ने अपने रक्षा खर्च में काफी वृद्धि करने की कसम खाई है। इंग्लैंड को 'परमाणु कवर' प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि यूरोप अब संयुक्त राज्य अमेरिका को अपना विश्वसनीय मित्र और भागीदार नहीं मानेगा । मर्ज़ ने उसी अर्थ में चुनाव के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की। अमेरिका की रूस समर्थक, पुतिन समर्थक नीति यूरोप को स्वीकार्य नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका से इस तरह के अलगाव का अर्थ है आर्थिक और रक्षा मुद्दों पर आत्मनिर्भर बनना। जर्मनी के निवर्तमान चांसलर शुल्त्स ने वास्तव में उस दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया था। जर्मनी हाल के दिनों में चीन के साथ बहुत व्यापार कर रहा है। इसके पीछे यही विचार था। ऐसा लगता है कि कई देशों की नीति है कि वे हर उस चीज को बंद कर दें जो अमेरिका विरोधी है। हालांकि, उस दिशा में अपने प्रयासों में, सरकार घरेलू आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को संतुलित नहीं कर सकी, अपना बहुमत खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप मध्यावधि चुनाव हुए।, शायद ही कोई ऐसा महीना गुजरा हो, जिसमें उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संकट की स्थिति की घोषणा न की गई हो। 2016 में ट्रम्प प्रशासन की शुरुआत के बाद से इन घोषणाओं आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई हैं; और वास्तव में, उदाहरण के लिए, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण, चीन के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में विस्तार और अनैतिक प्रभाव, पेरिस समझौते से अमेरिका का बाहर होना, अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य निश्चित रूप से गहरे संरचनात्मक बदलावों से गुजर रहा है। घरेलू तौर पर, बढ़ते (पश्चिमी) राष्ट्रवाद और अंदरुनी स्थिति की ओर देखने की सामान्य प्रवृत्ति संभावित वैश्विक चुनौतियों के लिए सहयोग जुटाने की क्षमता के मामले में अंतरराष्ट्रीय माहौल को पूरी तरह से बदल देती है। इस प्रकार, वैश्विक संस्थानों को खतरे में देखते हुए वैश्विक सहयोग के साथ, छोटे बहुपक्षीय मंचों जैसे साझेदारी के अन्य रूप और अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त, अन्य रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों को भी बनाए जाने की आवश्यकता है, जिसके तहत गठबंधन थोड़ा लचीला हो सकता है। मेरा मानना है कि यह एक यथार्थवादी परिदृश्य है, जिसके भीतर भारत-जर्मनी संबंधों को भविष्य की दिशा देने के लिए निर्धारित किया जाएगा और शासनिक दृष्टिकोण से भी दोनों देशों ने पिछले कुछ वर्षों में पहले से कही अधिक इसपर ध्यान आकर्षित किया है।

# जोस बटलर की कप्तानी पर संकटः इंग्लैंड की चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद उठे सवाल

**लाहौर**। इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान जोस बटलर की नेतृत्व भूमिका पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद, जिससे इंग्लैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया, उनकी कप्तानी पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में इंग्लैंड के पास मौके थे, लेकिन वे उनका लाभ उठाने में असफल रहे। इससे पहले ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 351 रन बनाने के बावजूद रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करने में असमर्थता ने भी उनकी स्थिति कमजोर कर दी थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बटलर ने स्वीकार किया कि उन्हें अपनी कप्तानी और भविष्य को लेकर पुनर्विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "जाहिर तौर पर परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे हैं। मुझे इस पर विचार करना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का।"



**इंग्लैंड के संघर्ष और बटलर की फॉर्म पर सवाल-** 2019 वनडे और 2022 टी20 विश्व कप जीतने के बाद इंग्लैंड का प्रदर्शन गिरावट पर है। 2023 वनडे विश्व कप में टीम सातवें स्थान पर रही, जबकि 2024 टी20 विश्व कप में भारत से सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी। हाल ही में इंग्लैंड को भारत के खिलाफ टी20ई (4-1) और वनडे (3-0) सीरीज में हार मिली, जिससे टीम की फॉर्म को लेकर चिंता बढ़ गई। बटलर की व्यक्तिगत फॉर्म भी सवालों के घेरे में है। 2023 विश्व कप के बाद से उन्होंने आठ वनडे पारियों में 30.57 की औसत से मात्र 214 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 58 रहा। टी20 में भी उनका प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा है। "मैं अपनी पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहा हूं, जो कि निराशाजनक है," बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी को लेकर कहा।

**क्या इंग्लैंड को नया कप्तान मिलेगा?**

बटलर ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे और इस पर विचार करने के लिए समय लेंगे। "मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेना चाहता। हमें टीम को वहां वापस लाने की जरूरत है जहां उसे होना चाहिए – टूर्नामेंट जीतने की दौड़ में।" बटलर की कप्तानी पर अब इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को फैसला लेना होगा। क्या इंग्लैंड टी20 और वनडे में नया कप्तान तलाशेगा, या बटलर को आगे मौका मिलेगा? यह सवाल इंग्लिश क्रिकेट में अगले कुछ हफ्तों तक चर्चा का विषय बना रहेगा।

## भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने में शायद ही कोई परेशानी आये : लालचंद राजपूत

**मुम्बई**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच लालचंद राजपूत ने कहा है कि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी। इस पूर्व कोच के अनुसार भारतीय टीम विरोधियों को जरा भी राहत नहीं देते हुए निर्ममता से प्रहार करती है जिससे कारण ही वह जीत की प्रबल दावेदार बनकर उभरी है। साल 2007 में हुए पहले टी20 विश्व कप में कोच रहे इस पूर्व क्रिकेटर को लगता है कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में कोई परेशानी नहीं आयेगी। राजपूत ने कहा कि भारतीय टीम बेहद आक्रामक नजर आ रही है। वह हर मैच में अपना दबाव बना



कर आसान जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई अवसर नहीं दे रही। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे यही लगता है कि उसे आसानी से जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ कठिन हालात में शतक लगाकर शानदार तरीके से फॉर्म में वापसी की है। ऐसे में अब टीम कप्तान रोहित शर्मा से भी इसी प्रकार का धमाकेदार प्रदर्शन चाहती है। उन्होंने कहा कि विराट शतक लगा चुके हैं और अब भारत का हर क्षेत्र में मजबूत है। अब केवल रोहित से बड़े शतक की दरकार है। राजपूत ने कहा कि भारतीय टीम के इरादे साफ है। वह अपनी विरोधी टीम को किसी प्रकार का अवसर नहीं देना चाहती है। टीम बड़े मुकाबलों में इसी प्रकार का प्रदर्शन करती रही है।

## डब्ल्यूपीएल 2025: मुंबई इंडियंस की धमाकेदार जीत, यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से हराया

**बेंगलुरु**। वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में हेली मैथ्यूज (59 रन, 1 विकेट) और नैटली सिवर-ब्रंट (75 नाबाद, 3 विकेट) के ऑलराउंड खेल की बदौलत मुंबई ने यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से मात दी। यूपी वॉरियर्स ने ग्रेस हैरिस (45) और दिनेश वृंदा (33) की शानदार साझेदारी के दम पर 142 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में मुंबई इंडियंस ने 18 गेंद शेष रहते केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (1) पवेलियन लौट गईं। हालांकि, ग्रेस हैरिस और दिनेश वृंदा ने 79 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। एमेलिया कर ने 10वें ओवर में हैरिस (45) को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अगले ही ओवर में संस्कृति गुप्ता ने वृंदा (33) और स्टार बल्लेबाज तालिया मैक्ग्रा (शून्य) को आउट कर मुंबई को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान दीप्ति शर्मा (4) को हेली



मैथ्यूज ने आउट किया। यूपी की रनगति पर ब्रेक लग चुका था। श्वेता सहरावत (13) और शिनेल हेनरी (7) भी जल्द ही सिवर-ब्रंट का शिकार बनीं। अंत में उमा छेत्री (13 नाबाद) ने कुछ रन जोड़ने की कोशिश की, लेकिन यूपी 9 विकेट पर 142 रन तक ही पहुंच सकी। मुंबई के लिए नैटली सिवर-ब्रंट सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 3 विकेट झटके। संस्कृति गुप्ता और शबनिम इस्माइल ने 2-2 विकेट लिए, जबकि हेली मैथ्यूज और एमेलिया कर को 1-1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहतरीन रही। हेली मैथ्यूज (59) और नैटली सिवर-ब्रंट (75 नाबाद) ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए यूपी की गेंदबाजी को ध्वस्त कर दिया। मैथ्यूज ने सोफी एक्लस्टन की गेंद पर आउट होने से पहले 41 गेंदों में 59 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का शामिल था। यस्तिका भाटिया (12) भी बड़ी पारी नहीं खेल पाईं। लेकिन इसके बाद नैटली सिवर-ब्रंट ने अकेले दम पर टीम को जीत की ओर पहुंचा दिया। सिवर-ब्रंट ने 44 गेंदों पर नाबाद 75 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। उन्होंने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर मुंबई को 17 ओवर में ही जीत दिला दी। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टीम का सेमीफाइनल में स्थान लगभग पक्का माना जा रहा है। वहीं, यूपी वॉरियर्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। मुंबई की इस जीत में सिवर-ब्रंट की ऑलराउंड परफॉर्मेंस सबसे खास रही, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार खेल दिखाया। अब मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जहां वे अपनी विजयी लय को बरकरार रखना चाहेंगी।

## युवा खिलाड़ी सफलता के लिए मेहनत करते हुए निराशा से बचें : सिंधु

**मुंबई**। महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने कहा है कि युवा खिलाड़ियों को सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत ओर अनुशासन पर ध्यान देना चाहिये। सिंधु ने कहा कि उन्हें निराशा को दूर रखते हुए उत्साही और जुनूनी बनना चाहिये। सिंधु ने कहा कि मेरे अंदर अभी भी उच्चतम स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भूख है। सिंधू ने कहा कि भले ही निराशा और थकान के कई दिन हों पर एक खिलाड़ी को अनुशासन नहीं खोना चाहिए क्योंकि कोई नहीं जानता कि मैदान पर यह कब उसके काम आ जाए। दो ओलंपिक पदक विजेता इस खिलाड़ी कहा है कि आपको यह उम्मीद रखनी चाहिए कि आपको वहां टिके रहना है और आपको इसे हर एक दिन करते रहना है और यह एक दिन सामने आएगा जब आपकों सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोग कह सकते हैं कि आपके पास सब कुछ है, आपको और क्या चाहिए? पर मुझे लगता है कि खेल के प्रति जुनून मेरे अंदर अब भी है इसी कारण मैं और बेहतर कर सकती हूं। सिंधु ने कहा कि ये जीत मुझे बहुत आत्मविश्वास देती हैं और अगले स्तर पर जाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं इसलिए मैं कहती हूं कि हर दिन एक नया दिन है और हर दिन एक प्रक्रिया है। भले



ही कुछ दिन खराब बीते हों पर यह जरुरी है कि आप उन्हें जाने दें तथा और भी अधिक मजबूत होकर वापसी करें। साथ ही कहा कि ट्रेनिंग की कठोरता, निराशा के साथ-साथ सफलता का सामना करना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और एक खिलाड़ी को इससे हमेशा ही जुड़े रहना चाहिए।

# व्यापार

## शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

### » सेंसेक्स 100 अंक चढ़कर खुला, निफ्टी में भी तेजी

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले पॉजिटिव रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ खुले। प्रमुख बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स 104 अंक चढ़कर 74,706 अंक पर खुला। पिछले कारोबारी दिन यह 74,602 पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी50 भी मजबूत के साथ 22,568 अंक पर खुला। इसके अलावा विदेशी निवेशकों का रुख, अमेरिकी प्रेजिडेंट डोनल्ड ट्रंप की ईयू को 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी और वैश्विक बाजारों के संकेत आज भारतीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स ने 5 दिन की गिरावट का दौर समाप्त किया और 147.71 अंक बढ़कर 74,602.12 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी50 0.03 प्रतिशत गिरकर 22,547.55 पर बंद हुआ। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहे। प्रमुख अमेरिकी इंडेक्सिस में सकारात्मक बढ़त के बाद गुरुवार को ज्यादातर एशिआई बाजार ऊंचे रहे। एएसएक्स 200 0.38 प्रतिशत बढ़कर कारोबार कर रहा था, जबकि जाप निक्केई इंडेक्स 0.54



प्रतिशत बढ़ा और टॉपिक्स 0.66 प्रतिशत बढ़ा। इस बीच, कोस्पी 0.6 फीसदी गिरकर कारोबार कर रहा था। अमेरिका में एसएंडपी 500 मामूली बढ़त दर्ज करने में कामयाब रहा और चार दिनों की गिरावट का सिलसिला 5,956.06 पर समाप्त हुआ। हालांकि, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 188.04 अंक गिरकर 43,433.12 पर बंद हुआ, जबकि पहले लगभग 245 अंक की बढ़त थी। इस बीच, नैस्डैक कंपोजिट 0.26 प्रतिशत बढ़कर 19,075.26 पर बंद हुआ।

## मुंबई में कल होगा 'कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसर और व्यावसायिक कोयला खान नीलामी' पर रोड शो का आयोजन

**नई दिल्ली** । कोयला मंत्रालय ने कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और व्यावसायिक कोयला खान नीलामी को प्रदर्शित करने के लिए अपनी जारी शृंखला के भाग के रूप में मुंबई में शुक्रवार को एक रोड शो करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के ताज महल पैलेस में होगा। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय के अनुसार यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारकों, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों और निवेशकों को एक मंच पर साथ लाएगा। व्यावसायिक कोयला खनन एक परिवर्तनकारी बदलाव रहा है, जिसने विकास के नए अवसर खोले हैं और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की




ओर भारत की यात्रा को गति प्रदान की है। 18 जून 2020 को पहली बार व्यावसायिक कोयला नीलामी शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। 10 दौर की सफल नीलामी के साथ अब तक 113 कोयला खदानें आवंटित हुई हैं, जिनका संचयी पीआरसी ₹257.60 एमटीपीए है। इस सफलता को आगे बढ़ाने और उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए कोयला मंत्रालय ने रोड शो की एक शृंखला शुरू की है। कोलकाता में अभूतपूर्व सफलता के बाद कोयला मंत्रालय अब मुंबई और इसके बाद अहमदाबाद में कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और अवसरों एवं कार्य का विस्तार करेगा। ये रोड शो आगामी नीलामियों, प्रमुख नीतिगत सुधारों, व्यापार करने में सुगमता और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख विकास गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे और उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों के साथ संवाद करेंगे। साथ ही नियामक ढांचे और भारत के ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने में कोयला क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार विमर्श को प्रोत्साहन देंगे। कोयला क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलावों के साथ यह पहल केंद्र सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता और कोयला खनन में निजी भागीदारी को प्रोत्साहन देने के साथ संरेखित है। मुंबई में रोड शो राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की एक शृंखला का भाग है, जिसका उद्देश्य उद्योग सहयोग को प्रोत्साहित करना और इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देना है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 प्रयागराज महाकुंभ के समापन पर CM योगी ने संगम घाट पर की पूजा,दोनों डिप्टी सीएम भी रहे मौजूद;सुरक्षा- स्वच्छता-सुव्यवस्था के साथ संपन्न हुआ महाकुंभःप्रयागराज में बोले CM योगी
2 महाकुंभ 2025 का भव्य समापन,45 दिनों में 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी;देश खतरे में है,अराजकता हमारी अपनी उपज है, बांग्लादेश सेना प्रमुख ने दी चेतावनी
3 बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल विस्तार,BJP के 7 विधायक मंत्री बने,इनमें 4 मिथिलांचल से,NDA के 30% MLA इसी इलाके से
4 स्टालिन बोलेः तमिलनाडु लैंग्वेज वॉर के लिए तैयार,भाजपा बोलीःविरोध इसलिए ताकि बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ें, अमीर-गरीब के लिए अलग नियम
5 मणिपुर में 7 जिलों के लोगों ने हथियार सरेंडर किए,87 तरह के बंदूक और गोला-बारूद पुलिस को सौंपे,मैतेई ग्रुप से मिले राज्यपाल भल्ला
6 सरकार बोलीःदागी नेताओं को ताउम्र बैन करना ठीक नहीं,सुप्रीम कोर्ट में कहाः6 साल की पाबंदी काफी;इसे तय करना भी संसद का अधिकार
7 सुप्रीम कोर्ट बोलाः गवाही की कोई उम्र सीमा नहीं होती,7 साल की बच्ची ने बयान दिया,मां के हत्यारे पिता को उम्रकैद की सजा दिलाई
8 कुर्सी नीतीश के पास,लेकिन ताकतवर BJP,यादवों को छोड़ BJP ने सबको साधा, पहली बार जदयू से डेढ़ गुना ज्यादा मंत्री,चुनावी मैदान तैयार
9 स्वयं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास करें महिलाएंःमुर्मु
10 क्षुद्रग्रह 2024 वाईआर4 पृथ्वी के लिए खतरा नहीं,नासा ने की पुष्टि,निरीक्षण रहेगा जारी
11 सरकारी स्कूलों में फिर ऑनलाइन स्टूडेंट अटेंडेंस सिस्टम,स्वामी विवेकानंद व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शुरुआत
12 सैम पित्रोदा ने भाजपा नेता के आरोपों को किया खारिज,कहाःमेरा भारत में कोई जमीन या घर नहीं
13 2026 में तमिलनाडु में बनेगी एनडीए की सरकार, अमित शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर डीएमके पर निशाना साधा
14 पांच माह में 14 प्रतिशत से ज्यादा गिरा निफ्टी,विदेशी निवेशक दिखा रहे बेरुखी
15 जम्मू-कश्मीरः हंदवाड़ा में पाकिस्तान स्थित दो आतंकवादी हैंडलरों की संपत्ति कुर्क
16 रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने कहा, पुतिन को रियायतें देनी होंगी
17 कंपनियां गोल्ड कार्ड नागरिकता वाले इंडियन ग्रेजुएट्स को कर सकती है हायरः डोनाल्ड ट्रंप
18 हिमाचल की पहाड़ियों पर बर्फबारी, 3 दिन का अलर्ट,राजस्थान में बारिश और ओले गिरने की आशंका,MP में पारा 12° से नीचे
19 ENG vs AFG: अफगानिस्तान ने किया उलटफेर,इंग्लैंड को 8 रन से हराकर किया बाहर
20 मोहन सिंह बिष्ट को दिल्ली विधानसभा का डिप्टी स्पीकर चुना गया
21 दिल्लीःआबकारी नीति पर आई CAG रिपोर्ट को PAC को सौंपा गया
22 पाकिस्तान Champions Trophy से बाहर,बांग्लादेश के साथ होने वाला मैच बारिश में धुला
23 दिल्लीःलेडी डॉन जोया खान को कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा
24 जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की
25 कोलकाता रेप-मर्डर केसःदिल्ली पहुंचे पीड़िता के माता-पिता,CBI डायरेक्टर से करेंगे मुलाकात
26 अमानतुल्लाह खान ने दिल्ली विधानसभा में AAP विधायकों को एंट्री न दिए जाने का मुद्दा उठाया
27 खुद को हिंदूवादी कहने वाले कुंभ में नहीं गए,एकनाथ शिंदे का उद्धव-राहुल पर निशाना
28 गुजरातःवडोदरा में 60 साल के बुजुर्ग टैक्सी ड्राइवर ने 16 साल की नाबालिग से किया दुष्कर्म,गिरफ्तार
29 प्रयागराज महाकुंभ 2025 में बने 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड,गिनीज बुक की टीम ने सौंपे सर्टिफिकेट
30 बिहारःनए मंत्रियों को बंटे पोर्टफोलियो, संजय सरावगी को राजस्व तो राजू सिंह को पर्यटन विभाग
31 TMC नेताओं के फोन टैप किए जा रहे हैंःममता बनर्जी
32 दिल्ली विधानसभा में शराब घोटाले' को लेकर CAG रिपोर्ट पर फिर शुरू हुई चर्चा
33 संभल की जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दी इजाजत
34 दिल्लीःबीजेपी MLA नीलम पहलवान ने नजफगढ़ का नाम बदलने का सदन में रखा प्रस्ताव
35 दिल्ली विधानसभाःआतिशी की पुलिसकर्मियों से बहस,प्रवेश न मिलने पर मांगी ऑर्डर की कॉपी
36 AAP विधायकों को LG के अभिभाषण के बीच नारे नहीं लगाने चाहिए थेःप्रवेश वर्मा
37 विधानसभा की पार्किंग में भी नहीं जाने दे रहेःAAP विधायक संजीव झा
38 तेलंगाना की टनल में रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी,हादसे के बाद से फंसे हैं 8 वर्कर्स;पाकिस्तान एक असफल देश,दान पर जीता है,UN में भारत की दो टूक
39 UP:प्रयागराज जंक्शन पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव,रेलवे अधिकारियों-कर्मचारियों से की मुलाकात;कैबिनेट से मिली वक्फ बिल को मंजूरी,10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में ला सकती है सरकार
40 हजारीबाग हिंसा पर बोले कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत,शिवरात्रि पर यह सब निंदनीय;NASA ने चंद्रमा पर पानी का पता लगाने के लिए लॉन्च किया सैटेलाइट

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)





## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11: सिनेमाघरों में संभाजी महाराज की दहाड़ बरकरार

### दूसरे सोमवार को 350 करोड़ का आंकड़ा किया पार

विक्की कौशल की नई फिल्म छावा ने वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार एंट्री की. मराठी उपन्यास छावा पर आधारित यह हिस्टोरिकल एक्शन फिल्म आपको छत्रपति संभाजी महाराज की यात्रा और मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ उनकी लड़ाई से रूबरू कराती है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में इसने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. मेकर्स के मुताबिक, लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म छावा ने पहले सप्ताह में 225.28 करोड़ रुपये कमाए. एक सप्ताह के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. 21 फरवरी को यानी दूसरे शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर ड्रैगन जैसी कई नई फिल्में रिलीज हुई, इसके बावजूद छावा ने 8वें दिन 24.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. रिलीज के 9वें दिन छावा की कमाई में काफी उछाल देखा गया. विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की नई फिल्म ने दूसरे शनिवार को 44.1 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. वहीं, दूसरे रविवार को भी फिल्म ने 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की. छावा मेकर्स के जारी किए रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन 41.1 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि यह 9वें दिन के अपेक्षा थोड़ी कम कमाई रही. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, वीकेंड 2 के नतीजे: पुष्पा 2 हिंदी और छावा केवल दो ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने अपने दूसरे वीकेंड (शुक्रवार-रविवार) में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया. दूसरे वीकेंड पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म छावा की असली परीक्षा दूसरे सोमवार को हुई, जिसमें वह पास हुई. छावा ने दूसरे मंडे यानी रिलीज के 11वें दिन 18.50 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. 11 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छावा का कुल कलेक्शन 353.01 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के मुताबिक, दुनियाभर में छावा की कमाई कुल 444.5 करोड़ रुपये हो गई है. लक्ष्मण उटेकर की फिल्म छावा में विक्की कौशल ने मराठा साम्राज्य के राजा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है. रश्मिका मंदाना येसुबाई के किरदार में नजर आई हैं, जबकि अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं. इनके अलावा फिल्म में आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, विनीत कुमार सिंह, नील भूपालम, डायना पेंटी और प्रदीप रावत जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं.

# परिणीति चोपड़ा की पहली वेब सीरीज का ऐलान

### जल्द नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज






परिणीति चोपड़ा पिछली बार दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब परिणीति की पहली वेब सीरीज का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान रेंसिल डी सिल्वा ने संभाली है। सीरीज की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिलहाल इस रहस्य थ्रिलर वेब सीरीज के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है। परिणीति के अलावा इस वेब सीरीज में आलिया भट्ट की मां और दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान भी मुख्य भूमिका में होंगी। इसमें जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ताहिर राज भसीन, अनुप सोनी, सुमीत व्यास और चैतन्य चौधरी जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे। यह वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि सिद्धार्थ पी मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा इस सीरीज के निर्माता हैं।

## नीना गुप्ता की दिल दोस्ती और डॉग्स का ट्रेलर जारी, 28 फरवरी को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी फिल्म

दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म दिल दोस्ती और डॉग्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान गुजराती सिनेमा के मशहूर निर्देशक विरल शाह ने संभाली है। इस फिल्म में नीना के साथ टीनू




आनंद, एहान भट्ट, त्रिधा चौधरी, शरद केलकर, कीर्ति केलकर, कुणाल रॉय कपूर, मासूमेह मखीजा और अव्याना चोरवानी जैसे कलाकार नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने दिल दोस्ती और डॉग्स का ट्रेलर जारी कर दिया है। दिल दोस्ती और डॉग्स सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 28 फरवरी, 2025 से जियो हॉटस्टार पर होने जा रहा है। ट्रेलर में 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं, जो मनुष्यों और कुत्तों के बीच के अनूठे बंधन को दर्शाती है। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है। बता दें कि विरल को मिडनाइट्स विद मेनका (2018), गोलकेरी (2020) और कच्छ एक्सप्रेस (2023)जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है।




## बॉडीकॉन ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की बोल्ड अदाओं पर दिल हार गए फैंस

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वोजब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने लेटेस्ट लुक में फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस को काफी पसंद आता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही स्टाइलिश बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज में टू मच स्टनिंग। दूसरे यूजर ने-सो हॉट। तीसरे यूजर ने-बेहद स्टनिंग लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।



## मंजू वारियर की मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी ट्रेलर रिलीज, फ्लैट में रहने वाले लोगों के अनगिनत सीक्रेट लेकर आए अनुराग कश्यप

मंजू वारियर की मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी वर्जन ट्रेलर जारी कर दिया गया है. फिल्म में मंजू वारियर, विशाख नायर, गायत्री अशोक अहम भूमिका में है. यह फिल्म इसी साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आज, 25 फरवरी को फिल्म मेकर अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम पर मलयालम थ्रिलर फिल्म फुटेज का हिंदी वर्जन ट्रेलर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, और ये रहा फुटेज का ट्रेलर. सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में शूट की गई यह फिल्म आपको ऐसा महसूस कराती




है जैसे आप इसके बीच में हैं. इसे 7 मार्च को सिनेमाघरों में देखें. फुटेज के हिंदी ट्रेलर में इसकी दुनिया की झलक दिखाई गई है, जिसमें एक ऐसे कपल की कहानी दिखाई गई है जो कोविड-19 महामारी के दौरान अपने अपार्टमेंट में परेशान करने वाले रहस्यों को उजागर करते हैं. इसे एक फाउंड फुटेज फिल्म के रूप में शूट किया गया है. दोनों रात के अंधेरे में जंगलों में घूमते हुए अपने कैमरे में कैद की गई चीजों की खोज करते है. उनकी जिज्ञासा उन्हें रहस्य और अनकही सच्चाइयों से भरे एक दूसरे रास्ते पर ले जाती है. हालांकि ट्रेलर में ज्यादा कुछ नहीं दिखाया गया है. बीते




सोमवार को अनुराग कश्यप ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए इसके बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, कोविड के दौरान सेट, एक फाउंड फुटेज थ्रिलर. जब मैंने इसे सिनेमा में देखा, तो मुझे आश्चर्य हुआ कि किस तरह से फिल्म को दो दृष्टिकोणों से एक साथ रखा गया है. सैजू और उनकी टीम ने जो किया है, उसे हासिल किया है. और जिस तरह से मंजू वारियर, विशाक और गायत्री ने एक्टिंग किया है और इसे ऐसे थ्रिलिंग लेवल तक पहुंचाया है. फिल्म को हिंदी ऑडियंस के सामने लाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं. फुटेज का निर्माण बिनीश चंद्रन और सैजू श्रीधरन ने किया है. यह थ्रिलर फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।